मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 33 |
| आर्द्रता | 76% |
| सूर्योदय: 5:38 | सूर्यास्त: 17:03 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, कार्तिक शुक्लपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



दही घाट पर सूर्य देव की पूजा-अर्चना करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी (पृष्ठ 3)

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : कुछ नहीं होने पर धैर्य एवं सब कुछ होने पर व्यवहार की परीक्षा होती है।




**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# यूपी, बंगाल समेत 12 राज्यों में होगा एसआईआर

## आज से 7 फरवरी तक चलेगी प्रक्रिया




### एसआईआर के प्रक्रिया की प्रमुख तारीखें

मुद्रण/प्रशिक्षण – 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2025
घर-घर गणना चरण – 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025
ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन – 9 दिसंबर 2025
दावे और आपत्ति अवधि – 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026
सूचना चरण (सुनवाई और सत्यापन) – 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026
अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन – 7 फरवरी 2026

### असम में एसआईआर को लेकर अलग आदेश जारी किया जाएगा: ज्ञानेश कुमार

**नयी दिल्ली :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को कहा कि बिहार के बाद अब देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद आगामी चार नवंबर से शुरू होगी और अंतिम मतदाता सूची अगले साल फरवरी में प्रकाशित होगी। दूसरे चरण में छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में एसआईआर कराया जाएगा। इनमें तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव संभावित हैं। कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में स्पष्ट किया कि असम में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण की घोषणा अलग से की जाएगी। असम में भी अगले साल विधानसभा चुनाव संभावित है। एसआईआर का दूसरा चरण चार नवंबर को गणना प्रक्रिया के साथ शुरू होगा और यह चार दिसंबर तक चलेगा। निर्वाचन आयोग नौ दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची जारी करेगा और अंतिम मतदाता सूची सात फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। कुमार ने असम के संदर्भ में कहा कि इस प्रदेश में नागरिकता अधिनियम का एक अलग प्रावधान लागू होता है। उनका कहना था, ''नागरिकता अधिनियम के तहत, असम में नागरिकता के लिए अलग प्रावधान हैं। उच्चतम न्यायालय की निगरानी में नागरिकता की जांच का कार्य लगभग पूरा होने वाला है। 24 जून का एसआईआर आदेश पूरे देश के लिए था। ऐसी परिस्थितियों में यह असम पर लागू नहीं होता।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए असम के लिए अलग से पुनरीक्षण आदेश जारी किए जाएंगे और एसआईआर की एक अलग तिथि घोषित की जाएगी।'' मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मौजूदा एसआईआर स्वतंत्रता के बाद से ऐसी नौवीं कवायद है और पिछला एसआईआर 21 वर्ष पहले 2002-04 में हुआ था। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया सफलता-पूर्वक पूरी की गई और इसको लेकर कोई भी अपील नहीं आई जो इस कवायद की सबसे बड़ी खूबी रही। कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''दूसरा चरण 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चलाया जाएगा। एसआईआर यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी योग्य मतदाता का नाम छूट न जाए और किसी भी अयोग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो।'' उन्होंने आगे कहा, ''एसआईआर के दूसरे चरण में 51 करोड़ मतदाता शामिल होंगे।

### बंगाल में एसआईआर में कोई बाधा नहीं, राज्य इसका समर्थन करने के लिए बाध्य : मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यान्वयन में कोई बाधा नहीं आएगी क्योंकि राज्य सरकारें मतदाता सूची में संशोधन के लिए उसे कर्मी उपलब्ध कराने के लिए संवैधानिक रूप से बाध्य हैं। इस दिन, पश्चिम बंगाल में एसआईआर कराये जाने पर वहां 'खूनखराबे' की संभावना के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कुमार ने कहा कि इसमें (एसआईआर कराने में) कोई बाधा नहीं है। कुमार ने संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत निर्वाचन आयोग को प्राप्त शक्तियों का हवाला देते हुए कहा कि आयोग अपना कर्तव्य निभा रहा है और राज्य सरकारें संवैधानिक रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए बाध्य हैं। सभी संवैधानिक निकाय संविधान में निहित अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना राज्यों की संवैधानिक जिम्मेदारी है। राज्य मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग को आवश्यक कर्मी उपलब्ध कराने के लिए भी बाध्य हैं।

### मतदाताओं को दिए जाएंगे विशिष्ट गणना प्रपत्र – मुख्य निर्वाचन आयुक्त

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि मतदाता सूची के सभी मतदाताओं को बीएलओ द्वारा विशिष्ट गणना प्रपत्र दिए जाएंगे। इन गणना प्रपत्रों में वर्तमान मतदाता सूची के सभी आवश्यक विवरण होंगे। उन्होंने बताया, बीएलओ द्वारा मौजूदा मतदाताओं को प्रपत्र वितरित करने के बाद, जिन लोगों के नाम गणना प्रपत्रों में हैं, वे यह मिलान करने का प्रयास करेंगे कि क्या उनका नाम 2003 की मतदाता सूची में था। यदि हां, तो उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

### दस्तावेजों की सूची में आधार भी शामिल

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को जिन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची पुनरीक्षण की घोषणा की, वहां लोगों द्वारा जमा किये जाने वाले दस्तावेजों की सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद प्रकाशित बिहार की मतदाता सूची और आधार कार्ड को भी शामिल किया गया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को जारी निर्देशों में निर्वाचन प्राधिकरण ने कहा कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी उन मतदाताओं को नोटिस जारी करेंगे, जिनके पिछले एसआईआर मतदाता सूची विवरण, जो गणना प्रपत्रों में दिए गए हैं, या तो उपलब्ध नहीं हैं या डेटाबेस से मेल नहीं खाते हैं। इसमें कहा गया है कि मतदाता विभिन्न श्रेणियों के आधार पर दस्तावेज उपलब्ध करा सकते हैं। इन दस्तावेजों में किसी भी केंद्रीय या राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के नियमित कर्मचारी या पेंशनभोगी को जारी किया गया कोई भी पहचान पत्र या पेंशन भुगतान आदेश; एक जुलाई 1987 से पहले सरकार /स्थानीय प्राधिकारियों /बैंकों/डाकघर /एलआईसी /सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा भारत में जारी किया गया कोई भी पहचान पत्र या प्रमाण पत्र या दस्तावेज शामिल हैं। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र; पासपोर्ट; मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा जारी मैट्रिक या शैक्षिक प्रमाण पत्र; सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र; वन अधिकार प्रमाण पत्र; सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ओबीसी/एससी/एसटी या कोई भी जाति प्रमाण पत्र भी इसमें शामिल हैं।

गणना प्रक्रिया चार नवंबर से शुरू होगी, जबकि मसौदा मतदाता सूची नौ दिसंबर को और अंतिम मतदाता सूची सात फरवरी को प्रकाशित की जाएगी।

#### मतदाता सूची फ्रीज

चुनाव आयुक्त ने कहा कि जिन राज्यों में एसआईआर क्रिया पूरी की जाएगी, उन सभी राज्यों की मतदाता सूचियां सोमवार रात 12 बजे फ्रीज कर दी जाएंगी।

### एसआईआर के खिलाफ विपक्ष का रुख उसकी आसन्न चुनावी हार का बहाना: भाजपा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एसआईआर संबंधी फैसले को लेकर निर्वाचन आयोग की ईमानदारी पर सवाल उठाने के लिए सोमवार को कांग्रेस की आलोचना की और विपक्ष को असंतुष्ट आत्माओं का झुंड करार दिया। भाजपा ने आरोप लगाया कि वे अपनी आसन्न चुनावी हार का बहाना खोजने के लिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर आयोग को निशाना बना रहे हैं।

### एसआईआर को लेकर निर्वाचन आयोग की नीयत और विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह : कांग्रेस

कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि कई सवालों के जवाब नहीं मिलने और कथित 'वोट चोरी' के मामले को देखते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करावाए जाने से विपक्ष और जनता संतुष्ट नहीं हैं तथा निर्वाचन आयोग की नीयत और विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगा हुआ है।

## बिहार: छठ ने सियासत पर लगाया ब्रेक, 'इंडिया' गठबंधन आज जारी करेगा घोषणा पत्र

**पटना :** बिहार में सोमवार को राजनीतिक गतिविधियों में छठ पर्व की वजह से कुछ ठहराव रहा हालांकि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन मंगलवार को अपना घोषणा पत्र जारी करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार से चुनाव प्रचार शुरू कर रहे हैं, जिससे एक दिन पहले महागठबंधन घोषणा पत्र जारी करेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान सहित अधिकतर राजनेता सोमवार को अपने-अपने घरों में रहकर परिवार के साथ राज्य के इस लोकप्रिय त्योहार श्रद्धा पूर्वक मनाते नजर आए। 'इंडिया' गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव शाम के समय 'फेसबुक' पर लाइव आए और केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर त्योहार के दौरान भीड़ को संभालने के लिए 12,000 ट्रेनें चलाने को लेकर ''झूठ बोलने'' का आरोप लगाया। ऐसी अटकलें भी लगाई जा रही हैं कि घोषणा पत्र जारी करने के दौरान कुछ और अहम राजनीतिक घोषणा की जा सकती है, जिनमें अल्पसंख्यक समुदाय से किसी नेता को उपमुख्यमंत्री बनाये जानी की बात भी सामने आ रही है।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने कुआलालम्पुर में अमेरिकी समकक्ष रुबियो के साथ वार्ता की

**कुआलालंपुर :** भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क के कारण दोनों देशों में पैदा हुए तनाव के बाद द्विपक्षीय संबंधों को फिर से पटरी पर लाने के प्रयासों के बीच, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार को यहां वार्ता की। जयशंकर और रुबियो की मुलाकात कुआलालंपुर में दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के वार्षिक शिखर सम्मेलन से इतर हुई। जयशंकर ने सोशल मीडिया एक 'पोस्ट' में लिखा, ''कुआलालंपुर में आज सुबह विदेश मंत्री रुबियो से मिलकर खुशी हुई। हमारे द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा की सराहना की।''

## अमेरिका से भारत की तेल खरीद 2022 के बाद के सर्वोच्च स्तर पर पहुंची

**नयी दिल्ली :** भारत का अमेरिका से कच्चे तेल का आयात अक्टूबर महीने में 2022 के बाद के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है। इसे रूसी तेल पर निर्भरता कम करने और डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ व्यापारिक तनाव घटाने की दिशा में उठाए गए कदम के रूप में देखा जा रहा है। ऊर्जा परामर्श कंपनी केप्लर के आंकड़ों के मुताबिक, 27 अक्टूबर तक भारत ने अमेरिका से प्रतिदिन 5.40 लाख बैरल कच्चा तेल आयात किया जो 2022 के बाद का सर्वाधिक स्तर है। इस महीने के अंत तक यह आंकड़ा 5.75 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच जाने का अनुमान है, जबकि नवंबर के लिए बुकिंग 4-4.5 लाख बैरल प्रतिदिन के स्तर पर रहने की संभावना है। यह इस साल अब तक के औसत तीन लाख बैरल प्रतिदिन की तुलना में काफी अधिक है। केप्लर के प्रमुख शोध विश्लेषक (रिफाइनिंग, आपूर्ति एवं मॉडलिंग) सुमित रितोलिया ने कहा कि अमेरिकी तेल आयात में यह वृद्धि मुख्य रूप से आर्थिक कारणों से प्रेरित रही। दरअसल, ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई कच्चे तेल के दामों में अंतर बढ़ने, अमेरिकी तेल के प्रतिस्पर्धी मूल्य और चीन की घटती मांग के चलते भारतीय रिफाइनरियों को अमेरिका से तेल खरीदना लाभकारी लगा। हालांकि, रूस अब भी भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है और कुल भारतीय आयात में करीब एक-तिहाई हिस्सेदारी रूस की ही है।

## अस्ताचलगामी सूर्य को छठव्रतियों ने दिया अर्घ्य, घाटों पर उमड़ा जन आस्था का सैलाब

- आज उदीयमान सूर्य को दिया जाएगा अर्घ्य
- गंगा घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, रात भर पुलिस की नाइट पेट्रोलिंग



**कोलकाता, समाज्ञा :** देशभर में जहां लोक आस्था का महापर्व छठ का त्योहार मनाया जा रहा है। वहीं, अगर बात बंगाल की करे तो यह राज्य खास कर हिन्दीभाषी इलाकों की रौनक से वातावरण लघु भारत में बदल गया और छठ पूजा पर बंगाल में ही खासकर महानगर कोलकाता में नजारा बिहार की रौनक सा रहा। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का सोमवार को पहला अर्घ्य श्रद्धा व विश्वास के साथ गंगा घाटों में प्रदान किया गया। शाम लगभग 4.30 बजे से व्रती गंगा घाटों में जम गए और शाम 5:10 बजे से शाम 5:58 बजे तक अस्ताचलगामी सूर्यदेव को पहला अर्घ्य देने के लिए ठेलमठेल भीड़ रही। महानगर कोलकाता सहित हावड़ा, हुगली, नदिया, उत्तर व दक्षिण दिनाजपुर सह पूरे राज्य हिन्दीभाषी पट्टी में छठमय दिखा। महानगर के तमाम गंगा घाट छठ व्रतियों का रेला उमड़ा। बाबूघाट, प्रिंसेप घाट, दहीघाट, सूर्यनामघाट, बिचालीघाट, बीएनआर घाट, बजबज घाट, शिवगंगा तालाब के तट पर पैर रखने की जगह नहीं थी। निगम व पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, इस साल भी बाबूघाट सहित तमाम गंगा घाटों पर सुरक्षा व सुविधा के मद्देनजर कोलकाता नगर निगम व पुलिस तैनात रहें। निगम की ओर से सभी घाटों पर साफ-सफाई व सुंदरीकरण के लिए लाइटिंग आदि की व्यवस्था की गई है तो दूसरी ओर लगभग 4 हजार अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की भी तैनात रहें इसके बाद भी आतिशबाजी का दौर चलता रहा। जबकि, महानगर के तमाम सड़कों पर पुलिस पिकेटों से यातायात को सामान्य रखते हुए लोगों को एक किनारे से सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था भी कम पड़ती नजर आयी। पुलिस ने बताया कि पुलिस उपायुक्त स्तर के तमाम अधिकारियों को सुरक्षा निगरानी की जिम्मेवारी सौपी गई है। इसके अलावा, गंगा के लगभग 126 घाटों पर सुरक्षा व दिशा निर्देश संबंधी अनाउंसमेंट का काम भी सुरक्षा कर्मियों के जिम्मे रहें। साथ ही, घाटों के वाच टावर लगाए गए है जहां से विशेष सुरक्षा कर्मी निगरानी की जा रही है। लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर रेस्क्यू टीम, आपदा प्रबंधन की टीम के साथ-साथ रिवर पेट्रोलिंग व स्पीड बोट टीम समन्वय बनाकर काम करती रही। एचआरएफएस और पुलिस स्टेशन रिजर्व फोर्स की भी तैनाती की गई है। आज व्रती उगते सूर्य को छठ पूजा का दूसरा अर्घ्य प्रदान कर व्रत का समापन करेंगे।






## ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों से छेड़छाड़ दुखद

देश में स्वच्छता के तमाम मानक सिद्ध करने वाले इंदौर में दो आस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों का पीछा किए जाने और छेड़छाड़ की घटना देश को शर्मसार करने वाली है। ऐसे वक्त में जब देश वर्ष 2030 में राष्ट्रमंडल और 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने का दावा कर रहा है, इस तरह की घटनाएं भारत की छवि को धूमिल करने वाली हैं। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्वकप में हिस्सा लेने आई ये खिलाड़ी गुरुवार की सुबह अपने होटल से बाहर निकलीं और एक कैफे की ओर जा रही थीं। इस बीच एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ने उनका पीछा करना शुरू किया। उसने इन खिलाड़ियों में से एक को गलत तरीके से छुआ और फिर घटनास्थल से भाग खड़ा हुआ। विडंबना देखिए कि पुलिस को अभियुक्त को पकड़ने में डेढ़ दिन का समय लगा। बताया जाता है कि उसका आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने इस निंदनीय कृत्य पर प्रतिक्रिया देने में समय लगाया। वहीं दूसरी ओर राज्य क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने संकेत दिया कि दोनों खिलाड़ियों ने संभवत: सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है। वहीं दूसरी ओर आस्ट्रेलियाई टीम ने सिरे से इसका खंडन किया है। निस्संदेह, यह चूक और ज्यादा गंभीर है क्योंकि इंदौर को मेहमान टीमों के लिये एक सुरक्षित शहर माना जाता है। जाहिर है कि खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं थी। निस्संदेह, यह परेशान करने वाला मामला देश में अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के आयोजकों के लिये एक चेतावनी जरूर है।

यह भारत की छवि के लिये दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि देश में विदेशियों, खासकर पर्यटकों को यौन उत्पीड़न का आसान निशाना माना जाता है। इस साल, राजस्थान में एक फ्रांसीसी पर्यटक के साथ दुराचार हुआ, वहीं दूसरी ओर कर्नाटक में एक इस्राइली पर्यटक का यौन उत्पीड़न किया गया। विदेशी खिलाड़ियों की सीमित आवाजाही से उनके यौन अपराधों का शिकार होने की आशंका कम होनी चाहिए। लेकिन इंदौर की शर्मनाक घटना बताती है कि सुरक्षा में जरा सी चूक का फायदा अपराधी उठा सकते हैं। अगले महीने होने वाली राष्ट्रमंडल खेल महासभा, अहमदाबाद में 2030 के खेलों की मेजबानी के लिये अपनी मुहर लगाने वाली है। इतने बड़े आयोजन का सुरक्षित ढंग से निष्पादित किया जाना, कई चुनौतियों की ओर भी इशारा करता है। ऐसे में दुनिया भर से आने वाली महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। निस्संदेह, इंदौर जैसी घटनाओं से भारत की वैश्विक छवि दांव पर लगती है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि वसुधैव कुटुम्बकम् का उद्घोष सिर्फ नारा नहीं रहना चाहिए। हम सब को मिलकर उसे व्यवहार में लाना चाहिए और इसके मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। समाज विज्ञानियों को इस बात पर मंथन करना चाहिए कि हमारे समाज में यौन अपराधों का ग्राफ इतनी तेजी से क्यों बढ़ रहा है। समाज में नैतिक मूल्यों को सशक्त बनाने का प्रयास शिक्षा व अन्य माध्यमों से करना चाहिए। फिलहाल जो हालात हैं, वे हमारी वैश्विक छवि को धूमिल ही करते हैं।

### उत्तर प्रदेश के मऊ में अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की

**मऊ :** उत्तर प्रदेश में मऊ जिले के पिरुआ गांव में रविवार शाम कुछ अज्ञात हमलावरों ने 40 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान राजेश सिंह उर्फ मंटू सिंह (40) के रूप में हुई है। वह छठ पूजा के लिए फल खरीदकर घर लौट रहा था, तभी काझा बंधा बाजार के पास हमलावरों ने उस पर गोलियां चला दीं और मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने शाम करीब छह बजे गंभीर रूप से घायल सिंह को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने बताया कि सिंह को तीन गोलियां लगी थीं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए कई टीमें गठित की गई हैं और विस्तृत जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, राजेश सिंह का आपराधिक इतिहास रहा है और उस पर मारपीट, धमकी, धोखाधड़ी और हत्या के प्रयास सहित कई मामले दर्ज थे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 28 अक्टूबर, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक शुक्लपक्ष षष्ठी, 07:58 तक, नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा, 15:33 तक, योग : सुकर्माण, 07:46 तक, सूर्योदय: 05:38, सूर्यास्त: 17:03, चन्द्रोदय : 11:20, चन्द्रास्त: 22:09, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 14:09 से 15:33

## राशिफल

**मेष :** राशि स्वामी मंगल वृश्चिक राशि में पहुंच चुके हैं और चंद्रमा आज दशम भाव में गोचर कर रहा है। यह स्थिति घरेलू सुख-सुविधाओं में वृद्धि का संकेत देती है।

**वृष :** राशि स्वामी शुक्र द्वादश भाव में विराजमान हैं और राहु कुंभ राशि में दशम भाव में है। ऐसे में यह योग आपके कार्यक्षेत्र में लाभदायक साबित होगा। लंबे समय से चल रहे प्रयास सफल होंगे।

**मिथुन :** आज चंद्रमा आपकी राशि से सप्तम भाव में स्थित है जो दांपत्य जीवन में सामंजस्य का संकेत दे रहा है। वहीं षष्ठम भाव में स्थित बुध व्यावसायिक मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगा।

**कर्क :** आज आपकी राशि के स्वामी चंद्रमा पंचम भाव में स्थित हैं जो धन संचय और कोष वृद्धि का संकेत देता है। इस दौरान दाम्पत्य जीवन मधुर रहेगा और पारिवारिक माहौल सुखद बना रहेगा।

**सिंह :** चंद्रमा आज चतुर्थ भाव में और राहु अष्टम भाव में सक्रिय है, जिससे आपके प्रभाव और व्यक्तित्व में निखार आएगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या :** आज चंद्रमा आपके पराक्रम भाव में स्थित है, जो साहस और आत्मविश्वास में वृद्धि का संकेत दे रहा है। कामकाजी जीवन में अच्छे परिणाम मिलेंगे। भाई-बहनों से सहयोग मिलेगा।

**तुला :** राशि स्वामी शुक्र द्वादश भाव में और चंद्रमा आज तृतीय भाव में स्थित है। यह संयोजन राजनीतिक और सामाजिक मामलों में लाभ प्रदान करेगा। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक :** राशि स्वामी मंगल अपनी ही राशि में स्थित होकर आपको मजबूत आत्मविश्वास प्रदान कर रहे हैं। चंद्रमा द्वितीय भाव में स्थित है, जिससे पारिवारिक जीवन सुखद बना रहेगा।

**धनु :** देवगुरु बृहस्पति आपकी राशि से सप्तम भाव में और चंद्रमा द्वादश भाव में गोचर कर रहे हैं। यह स्थिति आर्थिक मामलों में सफलता दिला सकती है। धन लाभ के योग बन रहे हैं।

**मकर :** राशि स्वामी शनि तृतीय भाव में स्थित हैं और राहु द्वितीय भाव में प्रभाव दे रहा है। यह योग आपकी कार्य क्षमता और नेतृत्व कौशल में वृद्धि करेगा। इससे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**कुम्भ :** चंद्रमा के एकादश भाव में स्थित होने से कुंभ राशि के जातकों के लिए यह दिन आर्थिक दृष्टि से शुभ रहने वाला है। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना बन रही है।

**मीन :** राशि स्वामी बृहस्पति चतुर्थ भाव में स्थित हैं जो मान-सम्मान में वृद्धि का संकेत देते हैं। कार्यक्षेत्र में किए जा रहे प्रयास सफल होंगे और आपको नया अवसर प्राप्त हो सकता है।

# पर्व और त्यौहार भारत की प्राचीन विरासत के प्रतीक : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां कहा कि पर्व और त्योहार केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत की प्राचीन विरासत के प्रतीक भी हैं। लखनऊ के लक्ष्मण मेला मैदान स्थित गोमती नदी के तट पर छठ पूजा के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, पर्व और त्योहार केवल एक आयोजन नहीं है...ये हमारी सामाजिक एकता, आध्यात्मिक उन्नयन, भारत की प्राचीन विरासत के प्रतीक भी हैं। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ राय द्वारा आयोजित इस समारोह में गोमती तट पर उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भोजपुरी समाज आज देश और दुनिया के हर कोने में छठ पर्व की आस्था से जुड़ा है। उन्होंने कहा, यह पर्व आत्मशुद्धि और लोक-कल्याण का प्रतीक होने के साथ ही सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता का सशक्त संदेश भी देता है। आदित्यनाथ ने छठी माता की कृपा आमजन पर बने रहने की कामना करते हुए कहा कि दुनिया में ऐसे आयोजनों के उदाहरण मिलना मुश्किल है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और लखनऊ की महापौर सुषमा खरकवाल भी उपस्थित थीं।

## अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण संबंधी सभी कार्य पूर्ण हुए : ट्रस्ट



**अयोध्या (उप्र):** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोमवार को कहा कि मंदिर निर्माण सबंधी सभी कार्य पूर्ण हो गए हैं। ट्रस्ट ने अपने आधिकारिक एक्स पेज पर एक पोस्ट में कहा, सभी श्रीरामभक्तों को यह जानकारी देते हुए हर्ष हो रहा है कि मंदिर निर्माण सबंधी सभी कार्य पूर्ण हो गए हैं। इसके पहले 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। मोदी 25 नवंबर को अयोध्या आ सकते हैं, जहां ध्वजारोहण समारोह होना है। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री और अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 नवंबर को अयोध्या दौरे पर राम मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वज-ारोहण कार्यक्रम में शामिल होंगे और उसी दिन परिसर में बने मंदिरों में भी ध्वजारोहण करेंगे। शाही ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि चौदह कोसी परिक्रमा 30 अक्टूबर को और पंच कोसी परिक्रमा एक नवंबर को होगी। अयोध्या तीर्थ क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन दोनों काम कर रहे हैं। संभावित दौरे से पहले सोमवार को अयोध्या हवाई अड्डे पर सुरक्षा और अन्य कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने की तैयारी पूरी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में मंदिर निर्माण की उपलब्धि की सराहना की और इसे लोगों की आस्था का परिणाम बताया।

## गंगा में नहाने गए चार बच्चों की डूबने से मौत



**त्योहार पर गांव में पसरा मातम**

**भागलपुर:** बिहार के भागलपुर जिले में सोमवार सुबह गंगा नदी में नहाने गए चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। नवगछिया की पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रेरणा कुमार ने बताया कि यह घटना इस्माइलपुर थाना क्षेत्र के नवतोलिया में हुई। उन्होंने कहा, बच्चे अपने परिजनों के साथ घाट पर आए थे। नहाते समय अचानक वे गहरे पानी में चले गए। गोताखोरों ने उन्हें बाहर निकाला। एसपी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। बच्चों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सभी मृतक बच्चों की आयु 10 से 15 वर्ष के बीच है। इस बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जताई है।

### संभल में 28 करोड़ रुपये की सरकारी जमीन गैर-कानूनी कब्ज़े से छुड़ाई गई

**संभल (उप्र):** ज़िला प्रशासन ने सोमवार को हल्लू सराय क्षेत्र के शेर खान सराय इलाके में करीब 28 करोड़ रुपये कीमत की तकरीबन 27 बीघा सरकारी ज़मीन गैर-कानूनी कब्ज़े से मुक्त कराई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार, हल्लू सराय क्षेत्र की भूमि आधिकारिक भूमि अभिलेखों में श्रेणी-6 की सरकारी संपत्ति के रूप में सूचीबद्ध है। सिंह ने संवाददाताओं से कहा, स्थानीय लोगों ने हमें बताया कि इस भूमि पर 20 से 25 वर्षों से अतिक्रमण किया गया था। सत्यापन करने पर पता चला कि यह अब भी सरकार की है और इस पर कभी कोई स्वामित्व का दावा नहीं किया गया।

## गोरखपुर जिला कारागार में छठ पूजा को श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा

**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर जिला कारागार में आस्था और भक्ति के महापर्व छठ पूजा को उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। व्रत रखने वाले लोगों ने सोमवार शाम अस्त होते सूर्य भगवान को पहला अर्घ्य दिया और मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पूजा का समापन होगा। जेल अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि 20 से ज़्यादा महिला कैदी और कुछ पुरुष कैदी जेल परिसर में पारंपरिक व्रत रख रहे हैं। जेल प्रशासन ने प्रसाद, फल और अन्य पूजा सामग्री की व्यापक व्यवस्था की है। उनके मुताबिक, परिसर की सफाई और सजावट की गई है, साथ ही पूजा स्थल और एक कृत्रिम घाट बनाया गया है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक दिलीप कुमार पांडेय ने कहा कि व्रत रखने वाले कैदियों को त्योहार के दौरान अपने परिवार के सदस्यों से मिलने की अनुमति सहित सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3246



*बायें से दायें:-* 1) रीतिरिवाज़, 7) बालमित्र, 9) चट्टान, 10) साँप का बच्चा, 11) कृष्ण, 12) ख़ामोशी, 13) संपूर्ण, 15) स्वास्थ्यदशा, 18) धुँधला; धीमा, 20) एक संख्या, 21) गरमी, 24) उन्मादग्रस्त, 26) पर्यन्त, 27) बैठक, 29) वारदात, 31) प्राधान्य, 32) आर्थिक तंगी.

*ऊपर से नीचे:-* 1) सपत्नीक, 2) शुरुआती, 3) कौशल्येय, 4) गालीचा, 5) उलटा, 6) हमेशा, 8) जवानी, 12) मृत्यु, 14) अधीन, 16) पत्नी, 17) भारत का एक राज्य, 18) एक दिन, 19) अनुपात; रेट, 22) गड़ी नज़र, 23) अर्क, 25) निश्चेष्टता, 28) बोझिल, 30) तिब्बती रोएँदार भैंसा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*





पटना : डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर मनाया गया छठ महापर्व



वाराणसी : छठ पूजा के अवसर पर सोमवार को दशाश्वमेध घाट पर श्रद्धालु अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हुए।

## राहुल 29 अक्टूबर को बिहार में करेंगे चुनाव प्रचार का आगाज, मुजफ्फरपुर व दरभंगा में सभा

**पटना:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 29 अक्टूबर को बिहार विधानसभा चुनाव में अपने प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। वह मुजफ्फरपुर के सकरा विधानसभा क्षेत्र और दरभंगा में महागठबंधन समर्थित प्रत्याशियों के समर्थन में दो संयुक्त जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इन सभाओं में बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव भी उनके साथ मौजूद रहेंगे। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के प्रमुख राजेश राठौड़ ने सोमवार बताया कि यह राहुल गांधी का विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पहला बिहार दौरा है। उनके अनुसार, राहुल गांधी सकरा (सुरक्षित) सीट से महागठबंधन द्वारा मैदान में उतारे गए उम्मीदवार उमेश राम के पक्ष में अपनी पहली सभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात राहुल गांधी दरभंगा में राजद सहित महागठबंधन के उम्मीदवार के लिए आयोजित सभा में जनता से समर्थन की अपील करेंगे। राठौड़ ने कहा कि इससे पूर्व राहुल गांधी ने 16 दिनों तक लगातार बिहार के विभिन्न इलाकों में 1300 किलोमीटर की यात्रा की थी। यात्रा के बाद यह चुनावी मैदान में उनकी पहली बड़ी संयुक्त जनसभा होगी, जहां वे महागठबंधन की चुनावी रणनीति और मुद्दों को जनता के बीच मजबूत तरीके से उठाएंगे। गौरतलब है कि 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा के चुनाव दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को होंगे तथा 14 नवंबर को मतगणना की जाएगी।

## यूपी सरकार लखीमपुर खीरी के मुस्तफाबाद गांव का नाम बदलकर कबीरधाम करेगी

**लखीमपुर खीरी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार लखीमपुर खीरी जिले के मुस्तफाबाद गांव का नाम बदलकर कबीरधाम करने का प्रस्ताव लाएगी और इस बदलाव से संत कबीर से जुड़े इलाके की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान फिर से बहाल होगी। स्मृति महोत्सव मेला 2025 के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए, आदित्यनाथ ने कहा कि उन्हें यह जानकर हैरानी हुई कि गांव का नाम मुस्तफाबाद रखा गया, जबकि वहां कोई मुस्लिम आबादी नहीं है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से कहा, इस गांव के बारे में पूछने पर मुझे बताया गया कि इसका नाम मुस्तफाबाद है। मैंने पूछा कि यहां कितने मुस्लिम रहते हैं, तो मुझे बताया गया कि कोई नहीं है। फिर मैंने कहा कि नाम बदल देना चाहिए - इसे कबीरधाम कहा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि उनकी सरकार नाम बदलने के लिए एक औपचारिक प्रस्ताव मांगेगी और ज़रूरी प्रशासनिक कदम उठाएगी। उन्होंने कहा, हम प्रस्ताव लाएंगे और इसे आगे बढ़ाएंगे। यह संत कबीर की विरासत से जुड़ी जगह का सम्मान वापस दिलाने के बारे में है।

## झारखंड पुलिस ने 22 सितंबर को मधुपुर बैंक डकैती के मामले में बिहार से 11 अपराधियों को गिरफ्तार किया



**देवघर(झारखंड):** झारखंड में देवघर पुलिस ने सोमवार को बिहार के वैशाली जिले से 11 लोगों की गिरफ्तारी के साथ 22 सितंबर को हुई मधुपुर बैंक डकैती कांड का खुलासा करने का दावा किया। देवघर के एसपी सौरभ कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि वैशाली निवासी 11 आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उनके पास से एक पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस, एक मास्क, दो एटीएम, 5.5 लाख रुपये नकद, एक कार और 10 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। एसपी ने कहा, छह अपराधियों ने 22 सितंबर को दिनदहाड़े बंदूक दिखाकर कर्मचारियों को धमकाकर एचडीएफसी बैंक की मधुपुर शाखा से 1.64 करोड़ रुपये नकद और दो किलोग्राम सोना लूट लिया था। कुमार ने कहा कि अपराधियों का पता लगाने के लिए कई पुलिस टीमें गठित की गईं और गोवा, फरीदाबाद, उत्तर प्रदेश और बिहार की पुलिस से सहायता ली गई। लुटेरों ने अपराध के दौरान एक बैंक कर्मचारी पर भी हमला किया था। पुलिस अधिकारी ने कहा, बिहार के अपराधी अपनी पहचान बताए बिना देवघर में अलग-अलग जगहों पर किराएदार के रूप में रहते थे और अपराध करने से पहले बैंक की टोह लेते थे। मैं घरों और होटलों के मालिकों से अनुरोध करता हूं कि वे किसी भी व्यक्ति को होटल में किराएदार या मेहमान के रूप में रहने की अनुमति देने से पहले उसके पहचान पत्र की एक प्रति प्राप्त कर लें।

## सुडोकू-पहेली-3203

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | 8 | 6 | | 7 | 4 |
| | | | | 4 | | | 6 | 3 |
| | | 8 | | | | | | |
| | | | | | | | | 9 |
| | | 1 | 6 | | | | | |
| | | 7 | 9 | 3 | 5 | | | |
| | | | | | 4 | | 3 | |
| | 7 | | | 2 | | | | |
| | 8 | | | | | | 4 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3202 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 5 | 6 | 8 | 4 | 1 | 7 | 2 |
| 6 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 3 | 7 | 9 | 5 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 3 | 7 | 6 | 4 | 1 |
| 3 | 4 | 7 | 1 | 6 | 2 | 9 | 5 | 8 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 6 | 9 | 4 | 8 | 3 | 1 | 7 |

# 'छठी मईया जय...' के जयकारें से गूंजा महानगर, भक्तिमय हुआ पूरा शहर





फोटो : मृत्युंजय विश्वास





छठ पूजा पर पुलिस मुस्तैद, चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था

# 'अफवाहों पर ध्यान न दें, शांति और सावधानी से करें पूजा', मुख्यमंत्री ममता ने की अपील

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांतिपूर्वक पूजा संपन्न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूर्ण सतर्क है और श्रद्धालुओं को भी सजग रहना चाहिए ताकि किसी तरह की दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो। इस दिन, मुख्यमंत्री ने तख्ता घाट और दही घाट का दौरा कर पूजा की तैयारियों का जायजा लिया। दही घाट पहुंचकर उन्होंने हिन्दीभाषी समाज को छठ पर्व की शुभकामनाएं




दीं और कहा कि इस पवित्र पर्व पर सभी लोग संयम और अनुशासन बनाए रखें। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा चिंतित रहती हूं कि कहीं भगदड़ जैसी स्थिति न बन जाए। जो भी श्रद्धालु गंगा स्नान या अर्घ्य देने जा रहे हैं, वे धीरे-धीरे जाएं और धीरे-धीरे वापस लौटें। ममता बनर्जी ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि बड़ी संख्या में एक साथ नदी में न उतरें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में तैनात कर्मियों और अधिकारियों को इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि एक समूह के वापस आने के बाद ही अगला समूह नदी में जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पूजा के दौरान लाखों लोग गंगा तट पर एकत्रित होते हैं, इसलिए प्रशासन ने सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष व्यवस्था की है। उन्होंने जनता से अपील की कि कुम्भ से मिली सीख को ध्यान में रखते हुए प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और श्रद्धा के साथ सुरक्षित रूप से पूजा संपन्न करें। इस मौके पर सांसद माला राय, मंत्री फिरहाद हकीम, विधायक देवाशीष कुमार, कोलकाता के पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा, राष्ट्रीय बिहारी समाज के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### एसआईआर को लेकर तृणमूल कांग्रेस की कड़ी चेतावनी, कहा...

# 'किसी वैध मतदाता का नाम हटाया गया तो दिल्ली में होगा आंदोलन'

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की निर्वाचन आयोग की घोषणा से राजनीतिक घमासान छिड़ गया है। सत्तारूढ तृणमूल कांग्रेस को आशंका है कि भाजपा के इशारे पर पात्र मतदाताओं के नाम हटाने के प्रयास किए जा सकते हैं, जबकि भाजपा का कहना है कि किसी भी अवैध मतदाता को बख्शा नहीं जाएगा। निर्वाचन आयोग के इस कदम पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी वास्तविक मतदाताओं को सूची से हटाने के किसी भी प्रयास का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करेगी। कुणाल घोष ने कहा कि अगर किसी भी पात्र मतदाता का नाम हटाने का प्रयास किया जाता है तो इसका विरोध किया जाएगा। हमें मतदाता सूची पुनरीक्षण से कोई समस्या नहीं है लेकिन अगर इसके नाम पर कोई भाजपा के इशारे पर किसी भी पात्र मतदाता का नाम हटाने की कोशिश करता है तो हम लोकतांत्रिक तरीके से इसका विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी से शांति बनाए रखने और भाजपा के जाल में नहीं फंसने का आग्रह करते हैं। बस याद रखें कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पश्चिम बंगाल के लोगों के साथ हैं। उन्होंने चुनाव आयोग को कड़ा संदेश देते हुए चेतावनी दी कि यदि राज्य के किसी वैध मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाया गया, तो पार्टी दिल्ली में चुनाव आयोग के दफ्तर का घेराव करेगी। इस आंदोलन में एक लाख से अधिक कार्यकर्ता और समर्थक शामिल होंगे।

## एसआईआर के जरिए एनआरसी लागू करने की कोशिश : शशि पांजा

राज्य की मंत्री व तृणमूल नेता डॉ। शशि पांजा ने सोमवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की आलोचना करते हुए इसे राजनीति से प्रेरित कदम और 'एनआरसी के लिए पिछले दरवाजे से प्रवेश' बताया। उन्होंने भाजपा पर गलत सूचना फैलाने और भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप करने का भी आरोप लगाया। पांजा ने कहा कि भाजपा झूठ फैलाने की कोशिश कर रही है। तृणमूल ने कभी नहीं कहा कि मृत मतदाताओं के नाम सूची में बने रहने चाहिए। इसके पीछे क्या खास वजह है, जो हमें नहीं पता। इस अनावश्यक जल्दबाजी के कारण हम एसआईआर के खिलाफ हैं। हम चुनाव आयोग से सवाल पूछते हैं, लेकिन जवाब भाजपा ही देती है। अगर 2024 की मतदाता सूची सही थी, तो अब यह बदलाव क्यों? एसआईआर कुछ और नहीं बल्कि एनआरसी के लिए पिछले दरवाजे से प्रवेश है। मंत्री ने कहा कि हमने एसआईआर का विरोध इसलिए किया क्योंकि हम सवाल उठा रहे थे कि इसे इतनी जल्दी क्यों लागू किया जा रहा है, न कि उचित समय और तैयारी के साथ। एसआईआर को तीन महीने के भीतर पूरा करने की इतनी जल्दी क्यों? यह हाल ही में बिहार में किया गया था। मान लीजिए कि वे बाद में इसमें कुछ बदलाव करते हैं, तो समय सीमा का क्या होगा? हमने इस बारे में चुनाव आयोग से सवाल किया, लेकिन भाजपा ने इस पर कोई प्रतिक्रिया क्यों दी? पांजा ने तर्क दिया कि यदि 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान इस्तेमाल मतदाता सूची पश्चिम बंगाल सहित पूरे भारत में मान्य और विश्वसनीय मानी जाती है, तो इतनी जल्दी नया संशोधन करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से हमारा मुख्य प्रश्न सरल था। यदि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए इस्तेमाल की गई मतदाता सूची बंगाल सहित पूरे भारत में सटीक और मान्य मानी जाती है, तो 2026 में बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए उसी मतदाता सूची का इस्तेमाल क्यों नहीं किया जा सकता?

# चक्रवात 'मंथा' के कारण आज से राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** चक्रवात 'मंथा' के कारण आज से शुक्रवार तक राज्य के कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। यह जानकारी भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दी। आईएमडी ने एक विशेष बुलेटिन में कहा कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित मौसम प्रणाली के एक गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने और मंगलवार की रात को आंध्र प्रदेश के काकीनाडा के पास पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग ने मछुआरों को गुरुवार तक पश्चिम बंगाल तट के आसपास समुद्र में न जाने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिलों के पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन और मैदानी इलाकों के निचले इलाकों में जलभराव की आशंका जताई है। दक्षिण बंगाल में कई स्थानों पर हल्की



से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, पुरुलिया, पूर्व और पश्चिम बर्दवान, बीरभूम और मुर्शिदाबाद जिलों में मंगलवार और शुक्रवार के बीच भारी बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश (7 से 20 सेमी) और उत्तर एवं दक्षिण दिनाजपुर तथा मालदह जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है।

## कल मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बुलाई बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (एसईसी) ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर बुधवार को राज्य भर के सभी जिला मजिस्ट्रेट और जिला निर्वाचन अधिकारियों, सभी विधानसभा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और सभी बूथ स्तर के अधिकारियों के साथ एक बैठक बुलाई है। यह वर्चुअल बैठक राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से होगी। एसआईआर की तैयारियों को लेकर सीईओ कार्यालय से यह बैठक बुलाई जा रही है। आयोग के सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय चुनाव आयोग को बूथ लेवल अधिकारियों की सुरक्षा के संबंध में शिकायत मिली है, इसलिए राष्ट्रीय चुनाव आयोग राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों के साथ एक अलग बैठक करेगा और समग्र समीक्षा करेगा।

# राज्य में एक अगस्त से 'मनरेगा' लागू करने के आदेश के खिलाफ केंद्र की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ केंद्र की याचिका सोमवार को खारिज कर दी, जिसमें 100 दिन की रोजगार गारंटी योजना 'मनरेगा' को पश्चिम बंगाल में एक अगस्त 2025 से लागू करने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उच्च न्यायालय के 18 जून के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि केंद्र सरकार को पूरा अधिकार है कि वह पश्चिम बंगाल में योजना लागू करते समय अनियमितताओं को रोकने के लिए विशेष नियम, शर्तें और प्रतिबंध लगाए। अदालत ने स्पष्ट किया था कि भले ही ये शर्तें अन्य राज्यों में लागू न हों, केंद्र इन्हें पश्चिम बंगाल में लागू कर सकता है। अदालत ने केंद्र सरकार को राज्य के कुछ जिलों में हुई अनियमितताओं की जांच जारी रखने की अनुमति भी दी। साथ ही, निर्देश दिया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को एक अगस्त से लागू किया जाए। उच्च न्यायालय ने कहा था कि इस समय, अदालत का प्रयास पिछले लगभग तीन वर्षों से लंबित इस योजना को पश्चिम बंगाल राज्य में लागू करवाना है।

### अभिषेक बनर्जी ने बताया 'ऐतिहासिक जीत', कहा... 'फैसला उन लोगों के मुंह पर लोकतांत्रिक तमाचा'

**कोलकाता, समाज्ञा :** सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया और कहा कि बांग्ला-विरोधी जमींदारों की एक और करारी हार। यह बंगाल के लोगों की ऐतिहासिक जीत है, जिन्होंने दिल्ली के अहंकार और अन्याय के आगे झुकने से इनकार कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वे हमें राजनीतिक रूप से हराने में विफल रहे, तो अभाव को हथियार बनाया। उन्होंने बंगाल पर आर्थिक नाकेबंदी लगा दी, गरीबों की मजदूरी छीन ली और मां, माटी और मानुष के साथ खड़े होने की सजा लोगों को दी। लेकिन बंगाल झुकने वाला नहीं है। हमने हर जायज रुपए, हर ईमानदार मजदूर और हर खामोश आवाज के लिए लड़ने का वादा किया था। आज का फैसला उन लोगों के मुंह पर एक लोकतांत्रिक तमाचा है जो मानते थे कि बंगाल को धमकाया, मजबूर किया या चुप कराया जा सकता है। भाजपा के अहंकार की सजा मिल गई है। वे बिना किसी जवाबदेही के सत्ता चाहते हैं। वो बंगाल से लेते हैं, फिर भी उसका बकाया लौटाने से इनकार कर देते हैं लेकिन अब वो लोगों के वोट और सुप्रीम कोर्ट में हार गए हैं।

# राज्य में एसआईआर के पहले बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 17 आईएएस सहित कुल 64 अधिकारियों का तबादला

- **केएमसी के आयुक्त धवल जैन को बीरभूम के जिलाधिकारी का कार्यभार सौंपा गया**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की निर्वाचन आयोग द्वारा घोषणा किये जाने से कुछ घंटे पहले, राज्य सरकार ने सोमवार को विभिन्न जिलों में 200 से अधिक नौकरशाहों और वरिष्ठ अधिकारियों का बड़े पैमाने पर फेरबदल करने की अधिसूचना जारी की। पश्चिम बंगाल सरकार के कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा 61 आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) और पश्चिम बंगाल लोक सेवा (डब्ल्यूबीसीएस) के 145 (कार्यकारी) अधिकारियों का तबादला किया गया। यह हालिया समय में एक बार में हुए सबसे बड़े तबादलों में से एक है। इस फेरबदल में 10 जिलाधिकारी, विशेष सचिव स्तर के कई अधिकारी, कई विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) तथा आईएएस और डब्ल्यूबीसीएस, दोनों संवर्गों के कई एडीएम (अतिरिक्त जिलाधिकारी) और एसडीओ (अनुमंडल पदाधिकारी) शामिल हैं। हाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एचआईडीसीओ) के प्रबंध निदेशक (एमडी), कोलकाता नगर निगम के नगर आयुक्त और हल्दिया विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भी तबादलों की सूची में शामिल हैं। स्थानांतरित जिलाधिकारियों की सूची में उत्तर और दक्षिण 24 परगना, कूचबिहार, मुर्शिदाबाद, पुरुलिया, दार्जिलिंग, मालदह, बीरभूम, झाड़ग्राम और पूर्व मेदिनीपुर जिले शामिल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इन कर्मियों से आगामी एसआईआर कवायद में नोडल भूमिका निभाने की उम्मीद थी तथा निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रमों की घोषणा के बाद राज्य सरकार के लिए आगे फेरबदल करना असंभव हो जाता। उत्तर 24 परगना के जिलाधिकारी शरद कुमार द्विवेदी को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव पद पर स्थानांतरित किया गया है। वहीं, दक्षिण 24 परगना के जिलाधिकारी सुमित गुप्ता को कोलकाता म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के नगर आयुक्त के पद पर नियुक्त किया गया है। हिडको के मैनेजिंग डायरेक्टर शशांक शेट्टी को उत्तर 24 परगना के जिलाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। कोलकाता नगर निगम के आयुक्त धवल जैन को बीरभूम के जिलाधिकारी का कार्यभार सौंपा गया है।

# श्यामपुकुर में पत्नी की हत्या के बाद पति ने थाने में किया आत्मसमर्पण

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर कोलकाता के श्यामपुकुर थाने की पुलिस ने पत्नी की हत्या और हत्या को आत्महत्या बनाने का नाटक करने के आरोप में पति को गिरफ्तार किया गया है। मृतका की पहचान पूजा पुरकैत के रूप में की गई है। जबकि, आरोपी पति का नाम सुमित पुरकैत है। घटना शनिवार को शुरू हुई। पुलिस को एक निजी अस्पताल से पता चला कि एक महिला को बेहोशी की हालत में लाया गया था। बाद में, उसकी मौत हो गई। भैसुर महिला को अस्पताल ले गया था और उसने कहा कि उसके भाई की पत्नी ने आत्महत्या कर ली है। हालांकि, पूजा पुरकैत नाम की महिला का परिवार इसे मानने को तैयार नहीं था। पुलिस ने घर की तलाशी ली और एक नोट मिला। इसमें लिखा था कि मेरी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। हालांकि, घटना के बाद पति नहीं मिला। पोस्टमार्टम से पता चला कि महिला की गला घोंटकर हत्या की गई थी। गत रविवार की रात आरोपी पति सुमित ने थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। उसने पुलिस के सामने हत्या की बात कबूल कर ली। उसने कहा कि उसकी पत्नी का किसी और से अफेयर चल रहा था। इसी बात को लेकर अनबन के चलते उसने शुक्रवार को श्यामपुकुर के डिस्पेंसरी लेन स्थित अपने घर में अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस को शक है कि पत्नी की हत्या करने के बाद उसने खुद भी आत्महत्या करने की योजना बनाई होगी। या फिर, हो सकता है कि आरोपी ने पुलिस को भ्रमित करने के लिए स्वयं ही नोट लिखा हो।

# 13 राज्यों में मोस्ट वांटेड ठग को बिधाननगर पुलिस ने 5 साल बाद किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिधाननगर पुलिस ने सोमवार को बताया कि उसने 13 राज्यों में धोखाधड़ी करने वाले एक मोस्ट वांटेड ठग को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने आरोपी का नाम नहीं किया है। पता चला है कि उसे रविवार की रात केरल से उसके मोबाइल टावर



लोकेशन का पता लगाने के बाद गिरफ्तार किया गया। वह बेंगलुरु का निवासी है और 13 राज्यों की पुलिस को उसकी तलाश थी। बताया गया है कि पुलिस पिछले पांच सालों से उसकी तलाश कर रही थी और कई राज्यों में छापेमारी भी की गई थी। हालांकि, हर बार ठग किसी न किसी तरह बच निकलने में कामयाब हो जाता था। वह मुख्य रूप से वित्तीय धोखाधड़ी और ठगी में शामिल था। आरोपी को बिधाननगर पुलिस की एक विशेष टीम ने केरल से पकड़ा था। बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, वह अलग-अलग शहरों में घूमता था और एक होटल में कमरा किराए पर लेता था, जहां वह होटल में ठहरे किसी मेहमान से दोस्ती करता था। फिर, वह उस 'दोस्त' का क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, पैसे, मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य कीमती सामान लेकर भाग जाता था। इस बीच, इन सामानों के जरिए वित्तीय धोखाधड़ी करने के बाद, वह चोरी किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फ़ोन और लैपटॉप डाक से अपने 'दोस्त' के घर भेज देता था। वह क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड भी असली मालिक को लौटा देता था। हाल ही में, इस धोखेबाज ने 15 आईफ़ोन खरीदे थे। गिरफ़्तारी के बाद, पुलिस ने आरोपी के पास से कई आधार कार्ड, 40 सिम कार्ड और कई डिजिटल उपकरण बरामद किए।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL
PROPERTY
RECRUITMENT
EDUCATION
NAME CHANGE
PUBLIC NOTICE
OBITUARY
REMEMBRANCE
DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# 'मैं आपसे बैंक खाते फ्रीज करने को कहूंगा', हाई कोर्ट ने राज्य को दी सख्त चेतावनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय और निचली अदालतों के रखरखाव और निर्माण के लिए आवंटित शेष धनराशि की वसूली के लिए तत्पर है। सोमवार को उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी की खंडपीठ में एक मामले की सुनवाई हुई। उस मामले में, उच्च न्यायालय ने राज्य के भारतीय रिजर्व बैंक का खाता संख्या मांगा। उच्च न्यायालय ने राज्य के खाते को फ्रीज करने की चेतावनी दी। मुख्य सचिव और वित्त सचिव को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का आदेश दिया गया है। इससे पहले, मामले की सुनवाई में, राज्य के अनुरोध को स्वीकार करते हुए, न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक की खंडपीठ ने वित्त सचिव, न्यायिक सचिव और उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को पूजा की छुट्टियों के दौरान 15 अक्टूबर को उच्च न्यायालय में बैठक करने का आदेश दिया था। यदि उस दिन काम पूरा नहीं हुआ, तो राज्य को 22 अक्टूबर को फिर से बैठक करने के लिए कहा जाएगा ताकि सभी गणनाओं को समझा जा सके और धन को मंजूरी देने पर अंतिम निर्णय लिया जा सके। राज्य के मुख्य सचिव को सोमवार को उच्च न्यायालय में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था। अदालत की



स्पष्ट चेतावनी है कि मुख्य सचिव यानी मुख्य सचिव को ही वह रिपोर्ट सौंपनी होगी। कोई और रास्ता न हो। हालाँकि, राज्य आज उचित जवाब नहीं दे सका। इस दिन, न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक ने राज्य से कहा कि बीएसएनएल के बिल पिछले तीन सालों से बकाया हैं। तीन साल का समय काफी है। उन्हें बिल चुकाने की ज़रूरत महसूस नहीं हुई। अगर बीएसएनएल सेवा बंद कर दे, तो कुछ नहीं कहा जा सकता। राज्य कर्मचारियों को उचित वेतन नहीं दिया जा रहा है। क्या उच्च न्यायालय के काम के लिए धन का आवंटन प्रशासन के काम में नहीं आता? हम रिज़र्व बैंक से अनुरोध कर रहे हैं कि वह कोई भी धन जारी न करे। न्यायालय की अनुमति के बिना कोई भी धन जारी नहीं किया जाना चाहिए। राज्य के वित्त विभाग का एक अधिकारी आज सुनवाई में मौजूद था। न्यायाधीश ने उससे राज्य का खाता नंबर पूछा। जवाब में, अधिकारी ने कहा कि उसे अपना खाता नंबर नहीं पता। न्यायाधीश ने उसे मुख्य सचिव से संपर्क करने और तुरंत खाता नंबर देने को कहा। अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार अगले दो दिनों में आधी राशि का भुगतान कर देगी। उन्होंने कहा कि दो दिन क्यों लगेंगे? अब आप पैसे हमेशा रख सकते हैं। अधिकारी ने कहा कि वह आज भुगतान नहीं कर सकते क्योंकि आज छुट्टी थी। जज ने और गुस्सा दिखाते हुए कहा कि छुट्टी? क्या इंटरनेट छुट्टी पर है? क्या अदालत छुट्टी पर है? अगर आज सेवा बंद हो गई तो क्या होगा? मामले की अगली सुनवाई 10 नवंबर को है।

## बेलतला में झुग्गी बस्ती में लगी भीषण आग, दो बच्चे समेत आठ घायल



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के बेलतला इलाके की एक झुग्गी बस्ती में सोमवार को भीषण आग लगने से आठ लोग घायल हो गए। घायलों में दो बच्चे भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि एक दमकल गाड़ी ने एक घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, दोपहर करीब दो बजे एलपीजी सिलेंडर फटने से आग लगने का संदेह है। अधिकरियों ने बताया कि हादसे में झुग्गी बस्ती के आठ निवासी झुलस गए। सभी घायलों को एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## नागराकाटा हमले के बाद भाजपा सांसद खगेन मुर्मू को मिली 'वाई प्लस' सुरक्षा

**कोलकाता, समाज्ञा :** डुआर्स के नागराकाटा में हमले के बाद केंद्र सरकार ने मालदा उत्तर से भाजपा सांसद खगेन मुर्मू की सुरक्षा बढ़ा दी है। अब उन्हें 'वाई प्लस' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी। सोमवार को केंद्र की ओर से इस संबंध में आधिकारिक सूचना दी गई। बता दें कि इससे पहले विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की सुरक्षा भी बढ़ाई गई थी। गौरतलब है कि लगभग तीन सप्ताह पहले डुआर्स के नागराकाटा क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने पहुंचे भाजपा सांसद खगेन मुर्मू पर हमला हुआ था। बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने गए भाजपा प्रतिनिधिमंडल में विधायक शंकर घोष भी शामिल थे। मौके पर मौजूद अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने प्रतिनिधिमंडल पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया था। इस हमले में कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुईं और खगेन मुर्मू तथा शंकर घोष घायल हो गए थे।

## रश्मि ग्रुप पुरुलिया में इस्पात और बिजली संयंत्र स्थापित करेगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पुरुलिया में रश्मि ग्रुप 28 लाख टन सालाना क्षमता का एकीकृत इस्पात संयंत्र और 400 मेगावाट का निजी बिजली संयंत्र स्थापित करेगा। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बता दें कि राज्य सरकार ने परियोजनाओं के लिए 938 एकड़ भूमि आवंटित की है। इन परियोजनाओं से 18,000 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। रश्मि ग्रुप के संयुक्त अध्यक्ष एल बी चौरसिया ने कहा कि समूह की वृद्धि पश्चिम बंगाल सरकार के समावेशी औद्योगिक नेतृत्व वाले विकास के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से संरेखित है।

## संपत्ति हड़पने और मारपीट के आरोप में राकेश सिंह व उनका बेटा गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** संपत्ति हड़पने और मारपीट के आरोप में भाजपा नेता राकेश सिंह को फिर गिरफ्तार किया गया है। उनके बेटे शिवम सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है। कसबा थाने की पुलिस ने सोमवार की शाम दोनों को गिरफ्तार किया। पता चला है कि राकेश सिंह और उनके बेटे पर कसबा स्थित एक फ्लैट पर कब्जा करने का आरोप है। इतना ही नहीं, फ्लैट मालिक के साथ मारपीट करने का भी आरोप है। इसके बाद, पीड़ित ने स्थानीय कसबा थाने में राकेश सिंह और उनके बेटे शिवम के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में तोड़फोड़ की घटना में भाजपा नेता राकेश सिंह को गिरफ्तार किया गया था।

## मालदह में दामाद की रहस्यमयी मौत, पेड़ से लटका मिला शव

**मालदह :** जिले के मानिकचक थाना क्षेत्र के एनायतपुर नवादा गांव में सोमवार सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया। पास ही पेड़ से एक रस्सी लटकती हुई मिली और उसके नीचे युवक का शव पड़ा था। मृतक की पहचान अमित चौधरी (32) के रूप में हुई है, जो इंग्लिशबाजार थाना क्षेत्र के कागमारी इलाके के निवासी थे। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अमित की शादी तीन साल पहले श्यामली चौधरी से हुई थी, जो मानिकचक के एनायतपुर नवादा की रहने वाली हैं। दंपति का एक साल का बेटा भी है। कुछ दिन पहले अमित अपनी पत्नी के साथ ससुराल आए थे, जहां रविवार रात दोनों ने मिलकर मनसा गीत कार्यक्रम में भाग लिया था। सोमवार की सुबह ससुराल के घर के पास ही अमित का शव पेड़ के नीचे पाया गया। पेड़ की शाखा से एक रस्सी झूलती दिखी। मृतक के परिवार का आरोप है कि अमित ने आत्महत्या नहीं की बल्कि ससुराल वालों ने उसकी पिटाई कर गले में रस्सी डालकर हत्या की है। वहीं, ससुराल पक्ष ने इस आरोप को सिरे से नकार दिया है। पत्नी श्यामली चौधरी का कहना है कि रविवार की रात हम दोनों साथ में गीत सुनने गए थे। रात करीब 11 बजे मैं घर लौट आई। उन्होंने कहा कि वे थोड़ी देर बाद आएंगे। लेकिन रात में वे घर नहीं लौटे। सुबह उनकी मौत की खबर मिली। मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा है कि क्या हुआ। घटना की सूचना मिलने पर मानिकचक थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर मृत्यु का कारण जानने के लिए पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## नेस्ले इंडिया ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में दर्ज की मजबूत बिक्री

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेस्ले इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है। कंपनी की कुल बिक्री 5,630.2 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10.9 प्रतिशत अधिक है। घरेलू बिक्री में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई और यह 5,411 करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुँची। कर पश्चात शुद्ध लाभ 753.2 करोड़ रुपये रहा, जबकि प्रति शेयर आय (ईपीएस) 3.90 रुपये रही। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनीष तिवारी ने कहा कि यह वृद्धि मुख्य रूप से मजबूत वॉल्यूम ग्रोथ से प्रेरित रही। चार उत्पाद समूहों में से तीन ने दहाई अंकों की वृद्धि दर्ज की। किटकैट, मैगी, नेस्कैफे और मिल्कमेड जैसे प्रमुख ब्रांड्स ने बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई। किटकैट ने भारत को वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा बाजार बनाने में अहम भूमिका निभाई। ई-कॉमर्स, क्विक कॉमर्स और आउट-ऑफ-होम (ओओएच) व्यवसायों में भी दोहरे अंकों की वृद्धि देखी गई। गुजरात के साणंद में नई मैगी नूडल्स उत्पादन लाइन की शुरुआत कंपनी के मेक इन इंडिया के प्रति समर्पण को दर्शाती है। तिवारी ने कहा, हम उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुरूप उत्पाद नवाचार, बेहतर गुणवत्ता और व्यापक वितरण नेटवर्क पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा हाल में किए गए जीएसटी संशोधन उपभोक्ता मांग को बढ़ावा देंगे। कंपनी ने भविष्य में ब्रांड और विनिर्माण क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की घोषणा की है, ताकि उपभोक्ताओं को अधिक विकल्प और उत्कृष्ट उत्पाद उपलब्ध कराए जा सकें।

## मेट्रो रेलवे ने शुरू किया स्पेशल कैंपेन 5.0, सफाई अभियान में यात्रियों से सहयोग की अपील



**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे द्वारा चलाए जा रहे स्पेशल कैंपेन 5.0 के तहत सोमवार को विभिन्न मेट्रो स्टेशनों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान यात्रियों से मेट्रो परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सहयोग की अपील की गई। अभियान के तहत मेट्रो प्रशासन द्वारा स्टेशनों, कार्यालयों, ट्रैकों और रेलवे कॉलोनियों में व्यापक सफाई की जा रही है। इसमें कचरा हटाने, अनावश्यक झाड़ियों की सफाई और ड्रेनेज सिस्टम को साफ करने जैसे कार्य शामिल हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों के संयुक्त प्रयासों से कार्यस्थलों पर स्वच्छता और दक्षता को बढ़ावा दिया जा रहा है। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से नियमित रूप से घोषणा की जा रही है कि कोई भी यात्री मेट्रो परिसर में थूकने या कचरा फैलाने से बचे। ऐसा करने वालों की पहचान सीसीटीवी के माध्यम से की जाएगी और 500 का जुर्माना लगाया जाएगा। मेट्रो रेलवे ने सभी नागरिकों से स्वच्छ, सुरक्षित और यात्री-अनुकूल मेट्रो प्रणाली बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

## हरोआ में करंट लगने से युवक की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के हरोआ थाना अंतर्गत मोहनपुर चांदीबाड़ी गांव में एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान विवेकानंद पात्रा (33) के रूप में हुई है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, सोमवार को विवेकानंद अपने घर के अंदर अचानक करंट लगने से जमीन पर गिर पड़ा। चीख-पुकार सुनकर परिवार के सदस्य दौड़े और उसे बेहोश पाया। उसे तुरंत हरोआ ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह दुर्घटना संभवतः घर के बिजली के तारों में खराबी के कारण हुई। विवेकानंद अपने दैनिक घरेलू काम कर रहे थे, तभी उन्हें अचानक करंट लग गया। घटना की खबर फैलते ही इलाके में मातम छा गया।

# आरजी कर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर की हुई मौत, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के एक चिकित्सक की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार, यह घटना रविवार की देर रात की है। मृतक चिकित्सक की पहचान मध्यमग्राम निवासी डॉ. शुभजीत आचार्य (37) के रूप में हुई है, जो राज्य सरकार के इस प्रतिष्ठित अस्पताल में कार्यरत थे। पुलिस ने इस संबंध में सोमवार शाम बताया कि मृतक के परिजनों का कहना है कि शुभजीत कुछ समय से अस्पताल के कामकाज का दबाव और मानसिक तनाव से जूझ रहे थे। हालांकि, परिवार ने अब तक औपचारिक रूप से पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। बावजूद इसके पुलिस ने अस्वाभाविक मृत्यु का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पत्नी डॉ. ऐंद्रिला रॉय, जो बसिरहाट जिला अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर हैं, ने बताया कि रविवार रात करीब 10 बजे दोनों ने एक साथ रात का भोजन किया था। इसके बाद आधी रात के आसपास शुभजीत ने बताया कि उन्हें तबीयत ठीक नहीं लग रही और तत्काल इलाज की आवश्यकता है। उन्हें तुरंत पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पत्नी के बयान के अनुसार, शुभजीत ने रात में दवा की कुछ अधिक मात्रा ले ली थी। साथ ही अस्पताल में काम का अत्यधिक दबाव था, जिसके चलते वे अवसाद से भी पीड़ित थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए बारासात अस्पताल भेजा गया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मौत का सही कारण रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। उत्तर 24 परगना जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, हमने अस्वाभाविक मृत्यु का मामला दर्ज किया है और सभी संभावित पहलुओं से जांच की जा रही है।

## नारायणगढ़ में घर से महिला का शव बरामद

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के नारायणगढ़ के राधानगर इलाके में रविवार की शाम मणिमला नायक (39) नामक एक महिला का शव उनके घर के अंदर से मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। घटना का पता उनके बेटे सुशांत नायक को तब चला, जब वह शाम को काम से लौटे और मां को लटकते देखा। सुशांत नायक ने पुलिस को बताया कि वह दिनभर काम पर था और शाम को घर लौटकर अपनी मां को इस स्थिति में पाया। मृतका के पति भी काम पर गए हुए थे। स्थानीय लोगों की सूचना पर नारायणगढ़ थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल पर साक्ष्य जुटा रही है।

## हयात ने करिश्मा कपूर के साथ लॉन्च किया नया 'वर्ल्ड ऑफ हयात' कैंपेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हयात ने बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर के साथ भारत में अपना नया 'वर्ल्ड ऑफ हयात' ब्रांड कैंपेन लॉन्च किया है। यह कैंपेन यात्रियों को सदस्यता के साथ मिलने वाले अनोखे इनाम और व्यक्तिगत पहचान के अनुभव से जोड़ता है। हयात का यह लॉयल्टी प्रोग्राम सिर्फ पॉइंट्स या फायदों तक सीमित नहीं, बल्कि मेहमानों को घर जैसा आराम और अपनापन देने का वादा करता है। हयात इंडिया एंड एसडब्ल्यूए की आरवीपी-कमर्शियल कादम्बिनी मित्तल ने कहा कि यह कैंपेन देखभाल की भावना को आगे बढ़ाता है, जहां हर मेहमान को व्यक्तिगत महत्व दिया जाता है। वहीं करिश्मा कपूर ने कहा कि वर्ल्ड ऑफ हयात से जुड़ना उनके लिए एक विशेष अनुभव है, जो हर यात्रा को यादगार बनाता है। यह कैंपेन डिजिटल और ऑफलाइन दोनों प्लेटफॉर्म्स पर लाइव है, जो यात्रियों को हयात की सच्ची मेहमाननवाजी और लग्जरी अनुभव से जोड़ने का निमंत्रण देता है।

## मेट्रो रेलवे में मनाया जा रहा 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह'

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेलवे ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। मेट्रो रेल भवन में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक सुभ्रांशु शेखर मिश्रा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को अपने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सत्यनिष्ठा बनाए रखने और कानून के नियमों का पालन करने का संकल्प दिलाया। गौरतलब है कि इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का विषय है - सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी। इस पहल का उद्देश्य कार्यस्थलों पर पारदर्शिता, निष्ठा और जवाबदेही को बढ़ावा देना है, ताकि प्रत्येक कर्मचारी भ्रष्टाचार मुक्त और नैतिक कार्यसंस्कृति के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सके।

## बेलदा काली मंदिर के पास प्रसाद की दुकान में लगी भीषण आग

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के बेलदा काली मंदिर के पास रविवार रात एक प्रसाद की दुकान में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बताया गया कि आग रात करीब 11 बजे के आसपास लगी, जब अधिकांश दुकानें बंद थीं। स्थानीय लोगों ने तुरंत बेलदा थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और खड़गपुर से दमकल की गाड़ी बुलाई गई। बताया गया कि आग इतनी तेज थी कि पुलिस को शटर तोड़कर अंदर घुसना पड़ा।

# कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी का ऐतिहासिक गोपाष्टमी महोत्सव बुधवार को, स्थापित होंगे 135 गोपूजन केन्द्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्व वंदनीय गोमाता की सेवार्थ 141 वर्षों से सेवारत स्वनामधन्य संस्था कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी की ओर से इस वर्ष भी गोपाष्टमी के शुभावसर पर 141 वां गोपाष्टमी मेला व गौपूजन महोत्सव का भव्य विराट आयोजन आगामी बुधवार, 29 अक्टूबर को किया जा रहा है। इसके लिए सोसाइटी की ओर से संचालित सोदपुर गौधाम व लिलुआ गौधाम सहित कोलकाता, हावड़ा, हुगली के विभिन्न स्थानों पर 135 गौपूजन केन्द्रों की स्थापना कर ज्यादा से ज्यादा गौभक्तों को गौपूजन का सुअवसर प्रदान करने की तैयारियां सोसाइटी के ट्रस्टी सज्जन भजनका, राधेश्याम गोयनका, सजन कुमार बंसल, विश्वनाथ सेकसरिया, अशोक कुमार तोदी, सुरेश मणकसिया व पुरुषोत्तम परसरामपुरिया के कुशल मार्गदर्शन में चल रही है। ऐसा अनुमान है कि दोनों गोधाम एवं 135 गोपूजन केंद्रों के जरिए लगभग एक लाख से ज्यादा गौभक्तो को गौ पूजा का सुअवसर प्राप्त होगा।





कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी के अध्यक्ष रमेश कुमार सरावगी व महामंत्री पवन कुमार टीबड़ेवाला ने बताया कि मुख्य मेला सोदपुर व लिलुआ स्थित गौधामों में अनुष्ठित होगा जहाँ प्रात:7 बजे से गौपूजन, गौ-परिक्रमा व तुलादान एवं गोआरती का आयोजन होगा। उपाध्यक्ष एवं मेला संयोजक देवकीनंदन तोदी ने बताया कि सोदपुर में शाम 5 बजे एक विराट गो सभा का आयोजन होगा जिसमें महानगर के विशिष्ट समाजसेवी एवं गोभक्त उपस्थित रहेगें। यह भी बताया कि गौ सभा के पश्चात गौ भजन संध्या का विशेष आयोजन श्री श्याम मंडल (नूतनबाजार) के सानिध्य में किया जायेगा। सोदपुर में गौपूजन तथा तुलादान की विशेष व्यवस्था की जाएगी। लिलुआ गौधाम में विशेष कार्यक्रम के रुप में प्रातः 9 बजे मेहंदी से सजी गोमाता की पूजा एवं आरती होगी। दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक मंदिर प्रांगण में श्री बालाजी सत्संग समिति द्वारा नंदू पेड़ीवाल के सान्निध्य में सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं ममता चांडक द्वारा गौ-भजनों की अमृत वर्षा होगी। गोमाता को विशेष छप्पन भोग अर्पित किया जायेगा। शाम 6 बजे लिलुआ में 5100 दीपों से संध्या सामूहिक गौ आरती का विशेष कार्यक्रम गौ सेवा संघ द्वारा किया जायेगा। सोसाइटी के उपाध्यक्ष हेमचन्द अग्रवाल, दीपक अग्रवाल व सह-सचिव बिमल मलावत, द्वारिका प्रसाद अग्रवाल, राजकमल बांगड व महावीर प्रसाद बजाज ने बताया कि इस बार दोनों जगह मेले में सजी हुई गोमताएँ, चटपटे चाट, सुस्वादु व्यंजन व गौ-उत्पाद एवं औषधियों की प्रदर्शनी मेला के विशेष आकर्षण होंगे।

कार्यक्रम, मिडिया व प्रचार प्रभारी सुरेन्द्र चमड़िया ने बताया कि जो नगरवासी गोपूजन करने हेतु गौशालाओं में नहीं जा पाते हैं, उन सबकी सुविधा हेतु कोलकाता एवं हावड़ा के महानगर के विभिन्न 135 स्थानों पर सोसाइटी द्वारा गौपूजन केंद्रों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि महानगर के अनेक स्थानों से सोसाईटी द्वारा सोदपुर मेले में गौभक्तों के आने जाने के लिए निशुल्क लग्जरी बसों की भी व्यवस्था की गई है। बस सेवा की विस्तृत जानकारी के लिए बस प्रभारी सुनील खेतान या केंद्र प्रभारियों से संपर्क किया जा सकता है।

सोसाइटी की पत्रिका गौ संवाद के संपादक विजय निगानिया ने बताया कि सोदपुर गोसभा में अतिथि मंडल द्वारा एक आकर्षक विशेष स्मारिका का भी विमोचन किया जाएगा। गोपाष्टमी मेला आयोजन समिति के केंद्र प्रभारी राजकमल बांगड़, बिमल मलावत, मनोज लुहारीवाल एवं कमल गुप्ता एवं मेला प्रभार से शाखा सचिव गौरीशंकर कालूका, सुरेंद्र पटवारी, दीपक मुरारका, संदीप तुलसियान, अजीत सरावगी के अलावा कर्मठ कार्यकारी गोभक्तगण बिनोद केडिया, कमल केडिया, बिनोद कैलाश सुल्तानिया, सुनील शाह, निर्मल सुनील अग्रवाल, अजय शाह, सत्येन्द्र अग्रवाल, राजकुमार मित्तल, सत्यनारायण देवरालिया, दीपक कानोडिया, अनिल जैन, दिलीप सिंघानिया, धर्मेंद्र सिंह, राजेश सरावगी, प्रदीप जयदेवका, प्रिंस अग्रवाल सहित सोसाइटी की विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारी व मेला समिति के सभी पदाधिकारी, सोसाइटी के कर्मीवृंद व कार्यकर्त्ता इस आयोजन की सफलता हेतु जी-जान से जुटे हैं। इस वर्ष हर्षवर्धन डागा एवं अनुराग गुप्ता द्वारा डिजिटल एवं सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर भी अनूठे ढंग से विभिन्न आकर्षक पोस्टर्स, रील एवं छोटे वीडियो के माध्यम से गोपाष्टमी मेले का प्रचार कर ज्यादा से ज्यादा गौभक्तों से जुड़ने का सफलता पूर्वक प्रयास किया जा रहा है।

ट्रस्टिगणों ने बतलाया कि सोसाइटी वर्तमान में अपनी विभिन्न 7 शाखाओं एवं एक आधुनिक गोचिकित्सा अस्पताल के माध्यम से लगभग 7000 गोवंशों की सेवा एवं संरक्षण का कार्य बड़ी दक्षता से कर रही है। सोदपुर के जीवक गोचिकित्सा अस्पताल में बड़ी तादाद में बीमार गोवंशों का निशुल्क इलाज बहुत अच्छे तरीके से किया जा रहा है। साथ ही, निर्माण श्रृंखला में कल्याणी में एक विराट नंदीशाला का नवनिर्माण किया जा रहा है, जहां लगभग 1500 नंदी गोवंशों को रखा जा सकेगा तथा कल्याणी स्थित ऐतिहासिक महत्व रखनेवाला गौरांगो महाप्रभु का कुलियापाट मंदिर परिसर के सुंदरीकरण एवं विकास का कार्य भी प्रगति पर है। इसके अलावा सोसाइटी द्वारा कल्याणी एवं चाकुलिया अंचल में विशाल भूखंडों को गौमाता की सेवा हेतु अन्य गोसेवी संस्थाओं को प्रदान किया है, जहां पर लगभग 22,000 गोवंशो की सेवा एवं संरक्षण का कार्य सफलता से किया जा रहा है। इसके अलावा सभी शाखाओं में गोरक्षण हेतु जरूरत के हर प्रकार के नवनिर्माण का कार्य पूरे समाज के सहयोग से जोर शोर चल रहा है एवं आने वाले समय में सभी शाखाओं को आदर्श गोशाला का प्रारूप देने का प्रयास जारी है।

मीडिया प्रभारी सुरेंद्र चमडिया ने बतलाया कि इस वर्ष साल्टलेक के आई बी पार्क के गौपूजन केंद्र को एक आदर्श गोशाला के प्रारूप में दिखलाने का प्रयास किया जा रहा है, जहां विशेष रूप से बच्चों, युवाओं तथा महिलाओं के लिए सामूहिक गौपूजन गौ आरती के अलावा तरह तरह की गौ सेवाएं, गौ आधारित खेल, खानपान, अन्य स्वास्थ संबंधी सुविधाएं, गौ गव्य उत्पादों की प्रदर्शनी तथा इसके ऑडर एवं विक्रय की भी व्यवस्था रहेगी।

पूरी सोसाइटी की ओर से महानगर निवासियों एवं गोभक्तों से विनम्र निवेदन किया जाता है कि सुबह ज्यादा से ज्यादा संख्या में गोभक्तगण अपने घरों के आसपास लगे गौपूजन केंद्रों में पधार कर गौ माता सपरिवार दर्शन पूजन करें एवं शाम को लिलुआ एवं सोदपुर के विराट सांस्कृतिक एवं सनातन संस्कृति के परिचायक अद्भुद गोपाष्टमी मेले में सपरिवार पधार कर गोमाता का दर्शन पूजन कर अक्षय पुण्यफल एवं गौ-आशीर्वाद प्राप्त करें।

## सियालदह मंडल ने स्टेशन पर सफाई और जागरूकता कार्यक्रम किए आयोजित





कोलकाता, समाज्ञा : पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने स्वच्छता अभियान 2025 के तहत सोमवार को विभिन्न स्वच्छता और जागरूकता गतिविधियों की शुरुआत की। इस अभियान में रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और यात्रियों ने उत्साह-पूर्वक भाग लिया। सियालदह मंडल के पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग द्वारा कई स्टेशनों पर स्वच्छता, स्वच्छ आदतों और पर्यावरणीय संतुलन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किए गए। कोलकाता, नैहाटी और डानकुनी जैसे प्रमुख स्टेशनों पर जन-जागरूकता कार्यक्रम और स्वच्छता अभियान चलाए गए, जिनमें यात्रियों और रेलवे कर्मियों को स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा, दक्षिणेश्वर स्टेशन पर अमृत संवाद नामक एक इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किया गया, जिसमें कर्मचारियों और हितधारकों ने स्वच्छता पहलों को बनाए रखने हेतु अपने विचार साझा किए। इन आयोजनों ने पूर्व रेलवे की स्वच्छ, हरित और सतत भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।

## पूर्व रेलवे ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत ईमानदारी की शपथ दिलाई



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने सोमवार को 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025' की शुरुआत की, जिससे पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया गया। यह सप्ताह 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक मनाया जाएगा, जिसका विषय है - सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी। पूर्व रेलवे के सतर्कता विभाग की ओर से कोलकाता स्थित फेयरली प्लेस मुख्यालय में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक, पूर्व रेलवे ने अधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी की शपथ दिलाई। समारोह में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने कार्यों में उच्चतम स्तर की निष्ठा और पारदर्शिता बनाए रखने का संकल्प लिया। इसी प्रकार, पूर्व रेलवे के सभी मंडलों और कार्यशालाओं में भी शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए गए। हावड़ा, सियालदह, आसनसोल और मालदह मंडलों सहित लिलुआ, कांकरापाड़ा और जमालपुर जैसी प्रमुख कार्यशालाओं में मंडल रेल प्रबंधकों एवं प्रमुख कार्यशाला प्रबंधकों ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को ईमानदारी की शपथ दिलाई।

## हावड़ा मंडल ने सैंथिया स्टेशन पर अमृत संवाद आयोजित कर कार्यकुशलता और स्वच्छता पर दिया बल



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने चल रहे स्पेशल कैंपेन 5.0 के तहत सोमवार को सैंथिया स्टेशन पर 'अमृत संवाद' का आयोजन किया। इस संवादात्मक सत्र का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों और हितधारकों के बीच संवाद को प्रोत्साहित करना था, ताकि कार्यकुशलता, स्वच्छता और जनसेवा में और सुधार लाया जा सके। मंडल ने इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया। इस अभियान के तहत प्लेटफॉर्म, पटरियों, शौचालयों, नालियों और रेलवे परिसरों की संपर्क सड़कों की गहन सफाई की गई, जिससे यात्रियों के लिए अधिक स्वच्छ और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया गया। ऐसे सतत प्रयासों के माध्यम से हावड़ा मंडल ने स्टेशन स्वच्छता, परिचालन पारदर्शिता और यात्री संतुष्टि में सुधार लाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दृढ़ किया है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाकर ईमानदारी और पारदर्शिता पर दिया जोर



दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा मुख्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर ईमानदारी की शपथ दिलाते हुए।

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे ने सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत की। इस अवसर पर दपूरे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने मुख्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी की शपथ दिलाई। दपूरे के वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी सुरिंदर पाल और अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ इस शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित रहे। उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार न लेने और न देने, कार्यों को ईमानदारी और पारदर्शिता से करने, सार्वजनिक हित में कार्य करने और किसी भी भ्रष्टाचार की घटना की रिपोर्ट संबंधित एजेंसी को देने का संकल्प लिया। सप्ताह के दौरान वॉकथॉन, नुक्कड़ नाटक, सेमिनार और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जागरूकता सप्ताह खड़गपुर, आद्रा, रांची और चक्रधरपुर मंडलों में भी मनाया जा रहा है।

छठ पूजा की झलकियां



भाजपा नेता मनोज पांडे अपनी छठव्रती पत्नी के साथ अर्घ्य देते।

# भक्ति में डूबा हावड़ा, छठ महापर्व पर गूंजे छठ मइया के गीत और आस्था के स्वर



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा ने छठ महापर्व के पहले अर्घ्य के मौके पर भक्ति और श्रद्धा का ऐसा नजारा पेश किया, जिसने पूरे शहर को आस्था के रंग में रंग दिया। रविवार की सुबह से ही सड़कों और घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हर ओर छठी मइया के गीत, ध्वनि और उत्साह से वातावरण गूंज उठा। इस साल रिकॉर्ड तोड़ भीड़ देखी गई। रामकृष्णपुर घाट, तेलकल घाट और नमकगोला घाट पर पैर रखने तक की जगह नहीं थी। महिलाएं पारंपरिक व्रत में लीन होकर सूर्य देव को अर्घ्य दे रही थीं, वहीं पुरुष श्रद्धालु पूजा की तैयारियों और व्यवस्था में जुटे रहे। हावड़ा के लक्खी घाट, चांदमारी घाट, बिचाली घाट, सिमुलतल्ला घाट, गोशाला घाट, फूलतल्ला, बांधाघाट, जगतबनर्जी घाट और न्यूजगन्नाथ घाट समेत कुल 137 घाटों पर श्रद्धालु छठ मइया की पूजा में लीन रहे।

## प्रशासन और पुलिस की कड़ी चौकसी, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद



महापर्व छठ के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर हावड़ा जिला प्रशासन और पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए थे। सीपी प्रवीण त्रिपाठी के नेतृत्व में घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष निगरानी रखी गई। गंगा में किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए पुलिस कर्मियों को नावों पर तैनात किया गया था। घाटों पर सुरक्षा के मद्देनजर बैरिकेडिंग की गई थी, जबकि लाउडस्पीकर से लगातार एनाउंसमेंट कर श्रद्धालुओं को गंगा में गहराई तक न जाने की अपील की जा रही थी। पुलिस की मोटरबोट्स से भी सतत निगरानी रखी गई। मध्य हावड़ा के रामकृष्णपुर घाट के पास हावड़ा सिटी पुलिस की ओर से लगाए गए शिविर में डीएम डॉ. पी. दीपा प्रिया,डीजी राजीव कुमार, मंत्री अरूप राय, पुलिस आयुक्त प्रवीण त्रिपाठी और तृणमूल नेता शैलेश राय सहित अन्य उपस्थित थे। इस शिविर से घाटों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।



युवा शक्ति संगम द्वारा फेयरली घाट पर आयोजित छठ पूजा सेवा शिविर का उद्घाटन करते हुए पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष शुभंकर सरकार। इस मौके पर अमिताभ चक्रवर्ती, चंद्रेश मेघानी, भोला यादव, शिवराज वाल्मीकि, सुनील चौबे और रोहित पाठक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किया रिसड़ा छठ महापर्व का वर्चुअल उद्घाटन

**गंगा घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब**



**हुगली, समाज्ञा :** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के पहले अर्घ्य के अवसर पर रिसड़ा के गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों छठव्रतियों ने अस्ताच-लगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया और संतान सुख, विश्व शांति व मंगल की कामना की। माथे पर डाला लेकर दंडवत करते भक्त गंगा घाटों तक पहुंचे। हर वर्ष की तरह इस बार भी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रिसड़ा छठ पूजा का वर्चुअल विधिवत उद्घाटन किया। रिसड़ा प्रेम घाट पर आयोजित कार्यक्रम में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने की। कार्यक्रम में श्रीरामपुर विधानसभा के विधायक डॉ. सुदीप्त राय, वाइस चेयरमैन जाहिद हसन खान, रिसड़ा शहर तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष बनर्जी, एसीपी शुभंकर विश्वास, सीआई प्रबीर दत्ता, थाना प्रभारी संजय सरकार, पार्षद सुख सागर मिश्रा, मनोज साव, पार्थ सारथी गुप्ता समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने स्टीमर के माध्यम से सभी 12 घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और श्रद्धालुओं के बीच जागरुकता का संचार किया। सुरक्षा के मद्देनजर घाटों को जाल (नेट) से घेरा गया ताकि कोई अनहोनी न हो। पुलिस प्रशासन की ओर से सड़क, रेल और जल मार्ग पर सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए। यहां बिहार के तर्ज पर छठ पूजा का आयोजन बड़े धूमधाम और भक्ति भाव से किया जाता है। तीसरे दिन श्रद्धालु अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देते हैं और चौथे दिन उदितन-ारायण भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर चार दिवसीय इस सूर्य उपासना महापर्व का समापन करते हैं। छठव्रतियों ने पुत्र प्राप्ति विश्व शांति मंगल कामना की। उल्लेखनीय है कि रिसड़ा की पहचान मिनी भारत के तौर पर होती है। हिंदी भाषियों की एक बड़ी आबादी यहां निवास करती है। यहां बिहार के तर्ज पर छठ पूजा का आयोजन होता है। छठव्रती गंगा घाटों पर आकर छठ पर्व के तीसरे दिन अस्ताचल गामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देते। फिर दूसरे दिन सुबह उदितनायण भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय सूर्य उपासना का छठ पर्व संपन्न होता है।



पूर्व पार्षद शैलेश राय अपनी छठव्रती पत्नी सविता राय के साथ अर्घ्य देते।



महापर्व छठ पूजा के अवसर पर सोमवार को हावड़ा में फोरशोर रोड से रामकृष्णपुर घाट तक लगाए गए पांच सेवा शिविरों को हावड़ा स्वामी विवेकानंद संघ के अध्यक्ष अंकित पांडे ने संस्था को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## युवा सेवा समिति ने रामकृष्णापुर घाट के पास छठव्रतियों के लिए लगाया सेवा शिविर



**हावड़ा, समाज्ञा :** युवा सेवा समिति ने छठ व्रतधारी माता-बहनों एवं भाइयों की सेवा में रामकृष्णापुर घाट के पास एक सेवा शिविर का आयोजन किया। सेवा शिविर की शुरुआत करने वाले वरिष्ठ शिक्षक एवं समाजसेवी अंजनी कुमार राय ने कहा कि यह संस्थान का लगातार 25वां सेवा शिविर था। इस अवसर पर समाजसेवी अमित चटर्जी, पूर्व पार्षद शैलेश राय, श्यामल चटर्जी, समाजसेवी ओमप्रकाश सिंह, जयंत गुप्ता, संदीप जायसवाल, वरिष्ठ शिक्षक एवं समाजसेवी भृगुनाथ पाठक, आनंद तिवारी, ध्रुव अग्रहारी, गौतम गोस्वामी, भूपेंद्र पांडेय, चंद्रदेव चौधरी, राकेश दीक्षित, अंकित पांडे इत्यादि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शुभम राय, रोनित साव, देवेश राय, सोहम जायसवाल, विकास सिंह, बबलू यादव, प्रेम साव, करण साव, गोपी साव, संजीव, हर्षित खत्री, शिवम सिंह, आयुष सिंह आदि ने अपना अमूल्य योगदान दिया। मंच का संचालन वरिष्ठ शिक्षक एवं समाजसेवी संतोष कुमार तिवारी ने किया।

## राष्ट्रीय बिहारी समाज के छठ पूजा महाउत्सव का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल शुभारंभ



**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय बिहारी समाज की ओर से आयोजित छठ पूजा महाउत्सव का सोमवार को भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 14 घाटों का वर्चुअल उद्घाटन किया। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला और माहौल भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बिहारी समाज की अध्यक्ष ममता सिंह, बोरो चेयरमैन एवं वार्ड 5 के पार्षद तरुण साहा, वार्ड 6 की पार्षद सुमन सिंह, वार्ड 3 की पार्षद देबिका, नॉर्थ कोलकाता के डिप्टी सेक्रेटरी जनरल अनवर खान और राष्ट्रीय बिहारी समाज के सचिव अंकुल सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर आकाश पांडे, नकुल दास, बुलबुल दास, गौरव शेट, मोहित सिंह, मनीष सिंह, मयंक सिंह और विक्की सिंह उप-स्थित रहे।



मध्य हावड़ा के रामकृष्णपुर घाट पर नदी में दउरा लेकर खड़ीं व्रती



काशीपुर के अंबिका टावर के छत पर बने कृत्रिम घाट पर छठी व्रती व श्रद्धालु

## श्रीरामपुर में दीवार निर्माण को लेकर वकील क्लर्क एसोसिएशन का विरोध



**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर अदालत परिसर में बार लाइब्रेरी के सामने दीवार निर्माण के खिलाफ वकील क्लर्क एसोसिएशन के सदस्य श्रीरामपुर एसडीओ कार्यालय के सामने प्रदर्शन पर उतर आए। आरोप है कि छुट्टी के दिन बिना किसी चर्चा या पूर्व सूचना के श्रीरामपुर के एसडीओ ने बार लाइब्रेरी के सामने अचानक दीवार बनाने का निर्देश दिया। इसके कारण प्रवेश द्वार काफी संकरा हो गया है, जिससे लाइब्रेरी में आने-जाने में भारी असुविधा हो रही है। यहां तक कि अब एम्बुलेंस या गाड़ियों का प्रवेश लगभग असंभव हो गया है। लाइब्रेरी के एक हिस्से की दीवार तोड़ दिए जाने का भी आरोप है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब वे एसडीओ के बंगले में उनसे मिलने पहुंचे, तो उन्हें बाहर निकाल दिया गया और कार्यालय में संपर्क करने को कहा गया। वकील क्लर्क एसोसिएशन की मांग है कि एसडीओ स्वयं बार लाइब्रेरी में आकर बातचीत करें और तत्काल निर्माण कार्य बंद कर पूर्व स्थिति बहाल करें। उनकी चेतावनी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन जारी रहेगा।

## बाल-बाल बचा चंदननगर का जगद्धात्री पूजा पंडाल



**हुगली, समाज्ञा :** चंदननगर के अंबिका स्पोर्टिंग सार्वजनिक जगद्धात्री पूजा पंडाल के सामने रोड पर अचानक एक लाइट पोस्ट में आग लग गई। उस समय पूजा प्रांगण में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहा था। अचानक आग लगने की घटना से अफरा-तफरी मच गई और कार्यक्रम बीच में ही रोक दिया गया। तुरंत ही लाइट के मुख्य सेक्शन से बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। मौके पर मौजूद दो दमकल इंजन और एक मोबाइल फायर यूनिट ने तत्परता दिखाते हुए फायर स्टिक के जरिए आग पर नियंत्रण पा लिया। वर्तमान में आग पूरी तरह नियंत्रण में है। बिजलीकर्मी मरम्मत का काम कर रहे हैं। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पंडाल को पूरी तरह बंद रखा गया है। पुलिस प्रशासन स्थिति पर नजर रखे हुए है।

## जोड़ासांको यंग बॉयज क्लब ने छठ पूजा सेवा शिविर का किया आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** जोड़ासांको यंग बॉयज क्लब की ओर से छठ पूजा के पावन अवसर पर सोमवार को सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संतन बसु, राजीव बनर्जी, मीना पुरोहित, भोला प्रसाद सोनकर, रोशन लाल हलवाई, पंकज सिंघानिया, प्रमोद सिंह, नारायण शर्मा, श्याम जायसवाल, सुनील हर्ष, प्रीति सेठिया, अमन सिंह, हृदय नारायण, बंदना कुंडू, अल्ता सामंतो, नेमी चंदा गुप्ता, प्रताप सिंह, अशुतोष माली, अखिलेश सिंह, राजू जोशी और रविकांत मिश्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कैफे के नाम पर हुक्का पार्लर, विरोध करने पर बुजुर्ग की पिटाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** मोमो की दुकान व कैफ़े के पीछे अवैध हुक्का पार्लर और मकान मालिक ने विरोध किया। इसी के चलते सोमवार को कुछ बदमाशों ने घर पर हमला कर दिया। मालिक के न मिलने पर बुज़ुर्ग सुरक्षा गार्ड की पिटाई कर दी गई। कैफ़े मालिक की भूमिका सवालों के घेरे में है। यह घटना दक्षिण कोलकाता के प्रिंस अनवर शाह रोड पर हुई। पता चला है कि इलाके में एक मोमो की दुकान है। वहां मोमोज के अलावा अन्य खाने-पीने की चीज़ें भी मिलती हैं। कथित तौर पर, उस दुकान में एक अवैध हुक्का पार्लर चल रहा है। मकान मालिक बार-बार इसका विरोध कर रहा था। उसने रविवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई। जवाब में, कैफे मालिक ने आरोप लगाया कि मकान मालिक अनुबंध के बाहर अतिरिक्त पैसे की मांग कर रहा था। उसने यह भी चेतावनी दी कि अगर उसने पैसे नहीं दिए, तो उसे झूठे मामले में फँसा दिया जाएगा। रविवार की रात दोनों पक्षों ने लेक थाने में शिकायत दर्ज कराई। सोमवार को, बदमाशों ने प्रिंस अनवर शाह रोड स्थित एक कैफ़े के बगल वाले घर में घुसकर कथित तौर पर घर के सुरक्षा गार्ड की पिटाई की। कथित तौर पर, पिटाई से पहले दुकान के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़ दिया गया था। बदमाश बुज़ुर्ग को पीटते हुए बगल वाले घर के सामने ले गए। पिटाई की यह घटना उस घर के कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# सांकराइल में लोहे के कारखाने में काम करते समय बाल मजदूर की गला कटकर मौत

**कारखाना मालिक व उसका बेटा गिरफ्तार**

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के सांकराइल इलाके में कबाड़ के लोहे के कारखाने में काम करते समय एक किशोर की मौत हो गई। कथित तौर पर, एक मशीन पर काम करते समय किशोर का गला कट गया। बाद में, उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान गोपाल दास (14) के रूप में की गई है। पुलिस ने घटना की जांच के बाद कारखाना मालिक को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया गया है कि किशोर का घर उसी इलाके में है। उसके माता-पिता नहीं हैं। वह अपने दादा-दादी के साथ रहता था। परिवार में आर्थिक तंगी थी। इसलिए वह इतनी कम उम्र में पैसे कमाने के लिए फैक्ट्री में काम करने चला गया था। पता चला है कि सांकराइल के बानीपुर 2 पंचायत क्षेत्र के शीतलतला में स्थित लोहे के कबाड़ के कारखाने में गोपाल दास नाम का किशोर काम कर रहा था। गत रविवार को कारखाने में एक मशीन के सामने काम करते समय किशोर का गला घायल हो गया।

आरोप है कि गला लोहे से कट गया। कारखाने के अन्य मजदूर किशोर को लहूलुहान अवस्था में सांकराइल प्रखंड स्वास्थ्य केंद्र ले गये। वहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना सांकराइल पुलिस थाने को दी गई। पुलिस ने जांच कर फैक्ट्री मालिक और उसके बेटे को गिरफ़्तार कर लिया है। बाल मजदूरी कराना क़ानून के ख़िलाफ़ है। फिर भी, उस किशोर से उस फैक्ट्री में काम कैसे करवाया जा रहा था? यह सवाल उठ खड़ा हुआ है। बताया गया है कि फैक्ट्री मालिक और उसके बेटे के ख़िलाफ बाल श्रम अधिनियम और गैर इरादतन हत्या की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया गया है कि गिरफ़्तार लोगों को सोमवार को अदालत में पेश किया गया।

## ज्योति एंड स्टार क्लब ने छठव्रतियों के लिए लगाया सेवा शिविर




**हावड़ा, समाज्ञा :** हर साल की तरह इस वर्ष भी रामेश्वर मालिया लेन .ज्योति एंड स्टार क्लब की ओर से छठ पूजा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्घाटन वार्ड नं. 29 के पूर्व पार्षद शैलेश राय ने किया। क्लब द्वारा आयोजित इस सेवा शिविर में श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। सुबह के समय सभी छठव्रती महिलाओं के लिए ओआरएस की व्यवस्था की गई, सूर्य को अर्घ्य देने के लिए दूध के पैकेट भी उपलब्ध कराए गए। बच्चों के लिए क्लब की ओर से चिप्स, माजा और फ्रूटी जैसी सामग्री की व्यवस्था की गई, जिससे पूरे माहौल में उत्सव और उल्लास का रंग भर गया।

### छठ पर्व के दिन सड़क हादसे में तीन साल की बच्ची की दर्दनाक मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** छठ पर्व के दिन हावड़ा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन साल की बच्ची की मौत हो गई। यह हादसा नित्याधन मुखर्जी रोड क्रॉसिंग के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार वाहन ने मासूम पूनम कुमारी मुखिया को टक्कर मार दी। हादसे के बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। छठ के पावन दिन पर हुई इस दुर्घटना से पूरे इलाके में शोक का माहौल है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश में है कि हादसा लापरवाही से हुआ या किसी अन्य कारण से।

# पेशेवर तौर पर आप जो करते हैं उसके अलावा भी जिंदगी में करने के लिए बहुत कुछ है: रोहित

**सिडनी:** रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई एकदिवसीय श्रृंखला में मिली सफलता का श्रेय 'अपने तरीके से' की गई तैयारी को दिया जो इस आत्मबोध से उपजी थी कि पेशेवर रूप से प्रतिबद्ध होने के अलावा भी जीवन के और पहलू हैं। रोहित ने यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय में नाबाद 121 रन बनाकर भारत को ऑस्ट्रेलिया पर नौ विकेट से जीत दिलाई जिससे मेहमान टीम क्लीन स्वीप से बच गई। ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैच की श्रृंखला 2-1 से जीती। रोहित ने बीसी-सीआई वेबसाइट से कहा, 'जब से मैंने खेलना शुरू किया है मेरे पास कभी भी किसी श्रृंखला की तैयारी के लिए चार से पांच महीने नहीं होते थे इसलिए मैं इसका उपयोग करना चाहता था। मैं चीजों को अपने तरीके से, अपनी शर्तों पर करना चाहता था और यह वास्तव में मेरे लिए अच्छा रहा क्योंकि मुझे समझ में आया कि मुझे अपने बाकी करियर के लिए क्या करने की जरूरत है।' रोहित को मई में आईपीएल 2025 के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। रोहित ने कहा, 'उस समय का उपयोग करना महत्वपूर्ण था क्योंकि जैसा कि मैंने कहा, मेरे पास इतना समय पहले कभी नहीं था और मैंने घर पर अच्छी तैयारी की थी। यहां



और स्वदेश की परिस्थितियों में अंतर है लेकिन मैं यहां कई बार आ चुका हूं इसलिए यह बस उस लय में आने के बारे में था।' उन्होंने कहा, 'इसलिए मैंने यहां आने से पहले जिस तरह से तैयारी की उसे बहुत श्रेय देता हूं। खुद को बहुत समय दिया। यह बहुत महत्वपूर्ण था क्योंकि कभी-कभी आपको यह समझने की जरूरत होती है कि पेशेवर रूप से आप जो करते हैं उसके अलावा जीवन में बहुत कुछ करना है लेकिन मेरे पास बहुत समय था और इसलिए मैंने इसका उपयोग किया।' रोहित ने लंबे समय से अपने साथी रहे विराट कोहली के साथ मैच जिताऊ सा-झेदारी को संजोया। उन्होंने कहा, 'जाहिर है दो नई गेंदों के साथ यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। शुरुआत में खेलना थोड़ा मुश्किल था लेकिन हमें पता था कि एक बार गेंद की चमक खत्म हो जाने के बाद यह थोड़ा आसान हो जाएगा।' रोहित ने कहा, 'काफी लंबे समय के बाद (कोहली के साथ) शानदार सा-झेदारी। मुझे लगता है कि हमने लंबे समय से 100 रन की साझेदारी नहीं की थी। एक टीम के नजरिए से एक समय हमारी स्थिति को देखते हुए यह सा-झेदारी करना अच्छा था।'' उन्होंने कहा, '(शुभमन) गिल थोड़ा जल्दी आउट हो गए और हमें पता था कि (चोटिल) श्रेयस अय्यर के नहीं होने से बल्लेबाजों पर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ गई है। हमने मैदान पर बिताए हर पल का आनंद लिया, हम दोनों के बीच खूब बातें हुईं।' रोहित ने कहा, 'हमने साथ में बहुत क्रिकेट खेला है। हम एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह समझते हैं। हम दोनों के बीच बहुत अनुभव है और हमने इसका बखूबी इस्तेमाल किया।' श्रृंखला में हार के बावजूद पूर्व कप्तान रोहित ने कुछ सकारात्मक बातें कहीं। उन्होंने कहा, 'श्रृंखला से कई सकारात्मक बातें सामने आईं, खासकर हर्षित राणा, जो पहली बार ऑस्ट्रेलिया में सीमित ओवरों की क्रिकेट खेल रहे हैं और जिस तरह से उन्होंने दोनों मैचों (सिडनी और एडिलेड) में गेंदबाजी की, वह उनका शानदार प्रयास था।'

### भारत के खिलाफ पहले टी20 मैच में नहीं खेल पाएंगे जंपा, संघा टीम में शामिल

**मेलबर्न:** ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जंपा निजी कारणों से भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने उनकी जगह तनवीर संघा को टीम में शामिल किया है। यह श्रृंखला बुधवार को कैनबरा में शुरू होगी। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार जंपा अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। तेईस वर्षीय संघा ने ऑस्ट्रेलिया के लिए सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और अपनी लेग स्पिन से 10 विकेट लिए हैं। बिग बैश लीग (बीबीएल) में सिडनी थंडर के नियमित सदस्य संघा ने 2023 के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यादगार शुरुआत करते हुए 31 रन देकर चार विकेट लिए थे। संघा इस वर्ष की शुरुआत में भारत दौरे पर आई ऑस्ट्रेलिया ए टीम का भी हिस्सा थे।

### प्रतिका रावल आईसीसी महिला वनडे विश्व कप से बाहर

**नवी मुंबई:** फॉर्म में चल रही सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल घुटने और टखने की चोट के कारण सोमवार को आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के बाकी मैचों से बाहर हो गईं जिससे भारतीय टीम को करारा झटका लगा है। बांग्लादेश के खिलाफ डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारत के अंतिम लीग मैच के दौरान प्रतिका का दाहिना टखना मुड़ गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसी-सीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''वह जिस तरह से गिरीं थीं, उससे साफ हो गया था कि वह नॉकआउट मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगी। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।'21वें ओवर की आखिरी गेंद पर जब प्रतिका गेंद रोकने के लिए डीप मिडविकेट से दौड़ीं तो उनका दाहिना पैर गीले मैदान में फंस गया और वह दर्द से कराहते हुए गिर पड़ीं। भारतीय खिलाड़ी भाग कर प्रतिका के पास पहुंची और एक स्ट्रेचर भी मैदान में लाया गया लेकिन यह 25 साल की खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ की मदद से मैदान से बाहर चली गईं।

### सूर्यकुमार यादव की बल्लेबाजी फॉर्म से चिंतित नहीं: गंभीर

**नयी दिल्ली:** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव की खराब फॉर्म से परेशान नहीं हैं क्योंकि जब टीम बहुत अधिक आक्रामक क्रिकेट खेलने पर ध्यान केंद्रित करती है तो 'विफलताएं मिलती हैं'। भारत ने पिछले महीने यूएई में सूर्यकुमार की कप्तानी में एशिया कप टूर्नामेंट जीता था लेकिन भारतीय कप्तान की बल्लेबाजी फॉर्म कुछ खास नहीं रही क्योंकि वह सात पारी में सिर्फ 72 रन बना पाए। हालांकि मुख्य कोच ने सूर्यकुमार का समर्थन किया है। गंभीर ने 'जियो हॉटस्टार' पर चर्चा के दौरान कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो सूर्यकुमार की बल्लेबाजी फॉर्म से मैं चिंतित नहीं हूं क्योंकि हमने अपने ड्रेसिंग रूम में बहुत अधिक आक्रामक रवैया अपनाया है। जब आप इस सोच को अपनाते हैं तो विफलताएं तो होती हैं।' उन्होंने कहा, 'सूर्यकुमार के लिए 30 गेंद पर 40 रन बनाना और आलोचना से बचना आसान होता लेकिन हमने मिलकर तय किया है कि इस तरीके को अपनाते हुए विफल होने में कोई समस्या नहीं है।' जब सूर्यकुमार बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जूझ रहे थे तब अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ियों ने अपनी जबरदस्त बल्लेबाजी से टूर्नामेंट में धूम मचा दी।

## श्रेयस अय्यर आंतरिक रक्तस्राव के कारण आईसीयू में भर्ती



**नयी दिल्ली:** भारत की वनडे टीम के उप कप्तान श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान पसलियों में लगी चोट के कारण आंतरिक रक्तस्राव के बाद वह फिलहाल गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में हैं। अय्यर ने बैकवर्ड प्वाइंट से पीछे की ओर दौड़ते हुए एलेक्स कैरी का शानदार कैच लिया था। ऐसा लगता है कि इस दौरान उनकी बाईं पसली में चोट लग गई थी और शनिवार को ड्रेसिंग रूम में लौटने के तुरंत बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार स्कैन से पता चला कि उनकी 'तिल्ली में चोट' लगी है। बीसीसीआई ने सोमवार को जारी बयान में कहा, 'श्रेयस अय्यर की बाई पसली के नीचे के हिस्से में चोट लगी है। उन्हें आगे की जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।' बयान के अनुसार, 'स्कैन से पता चला है कि उनकी तिल्ली में चोट लगी है। उनका इलाज चल रहा है। उनकी हालत स्थिर है और वह स्वस्थ हो रहे हैं।' बयान में कहा गया है, 'बीसीसीआई की मेडिकल टीम सिडनी और भारत के विशेषज्ञों के परामर्श से उनकी चोट की स्थिति पर कड़ी नज़र रख रही है। भारतीय टीम के डॉक्टर श्रेयस की दैनिक प्रगति का आकलन करने के लिए उनके साथ सिडनी में रहेंगे।' इस बल्लेबाज को दो से सात दिन तक निगरानी में रखा जाएगा।

## रणजी ट्रॉफी: पृथ्वी साव ने तीसरा सबसे तेज दोहरा शतक बनाया




**चंडीगढ़:** सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज की ओर से तीसरा सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा जिससे महाराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के तीसरे दिन सोमवार को यहां चंडीगढ़ को 464 रन का लक्ष्य दिया। गोवा ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 129 रन बनाए। अर्जुन आजाद और कप्तान मनन वोहरा क्रमश: 63 और 53 रन बनाकर खेल रहे हैं। सोमवार का दिन हालांकि पृथ्वी के नाम रहा जिन्होंने महाराष्ट्र की दूसरी पारी में सिर्फ 141 गेंद में दोहरा शतक जड़ा। भारतीय बल्लेबाजों में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पृथ्वी से तेज दोहरा शतक अब सिर्फ रवि शास्त्री (123 गेंद में, बड़ौदा के खिलाफ 1985 में) और तन्मय अग्रवाल (119 गेंद, अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 2004 में) के नाम दर्ज है। महाराष्ट्र ने पृथ्वी की 156 गेंद में 29 चौकों और पांच छक्कों से 222 रन की पारी की बदौलत दूसरी पारी सिर्फ 52 ओवर में तीन विकेट पर 359 रन बनाकर घोषित की। पृथ्वी का महाराष्ट्र के लिए यह पहला रणजी शतक है। उन्होंने सिर्फ 72 गेंद में अपना 14वां प्रथम श्रेणी शतक पूरा किया।

## अब इस सत्र में किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं लेगी सिंधू

**नयी दिल्ली:** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने यूरोपीय चरण से पहले पैर में लगी चोट से पूरी तरह उबरने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 2025 के सत्र की बाकी बची बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिताओं से हटने का फैसला किया है। हैदराबाद की 30 वर्षीय शटलर ने कहा कि यह निर्णय उनकी सहयोगी टीम और चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्श करने के बाद लिया गया। इन चिकित्सा विशेषज्ञों में प्रसिद्ध खेल हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनशॉ पारदीवाला भी शामिल हैं। सिंधू ने



सोमवार को एक बयान में कहा, 'अपनी टीम के साथ विचार विमर्श करने और डॉक्टर पारदीवाला से सलाह लेने के बाद हमने महसूस किया कि मेरे लिए 2025 में शेष सभी बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिताओं से हटना सबसे अच्छा होगा।' उन्होंने कहा,'यूरोपीय चरण से पहले मेरे पैर में जो चोट लगी थी वह अभी तक पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है। चोट लगना किसी भी खिलाड़ी के करियर का अहम हिस्सा होता है हालांकि इसे स्वीकार करना आसान नहीं होता है। इस तरह की परिस्थितियां आपके धैर्य की परीक्षा लेती हैं और आपको मजबूत होकर वापसी करने के लिए प्रेरित भी करती हैं।' पिछले साल पेरिस ओलंपिक में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद यह साल भी सिंधू के लिए अच्छा नहीं रहा।

### शाहबाज के छह विकेट से बंगाल ने गुजरात को 167 रन पर समेटा

**कोलकाता:** बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद ने 34 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे बंगाल ने गुजरात को पहली पारी में 167 रन पर समेटने के बाद दूसरी पारी में छह विकेट पर 170 रन बनाकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन सोमवार को अपना पलड़ा भारी रखा। गुजरात की टीम सोमवार को सात विकेट पर 107 रन से आगे खेलने उतरी और 76.3 ओवर में 167 रन पर ऑल आउट हो गई। शाहबाज के अलावा मोहम्मद शमी ने भी 44 रन पर तीन विकेट चटकाए। पहली पारी में 279 रन बनाने वाले बंगाल को पहली पारी के आधार पर 112 रन की बढ़त हासिल हुई। गुजरात की ओर से कप्तान मनन हिंगराजिया ने 252 गेंद में 80 रन की पारी खेली लेकिन उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिला।

## उत्तराखंड में जल्द बनेंगी 23 खेल अकादमियां : मुख्यमंत्री धामी


**देहरादून:** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को कहा कि प्रदेश में जल्द 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी। यहां तपोवन में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में 'सांसद खेल महोत्सव' का उदघाटन करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए किए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और उत्त-राखंड विश्वस्तरीय खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में भी देश के प्रमुख राज्यों में गिना जाने लगा है। इस संबंध में उन्होंने कहा, 'स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान' के अंतर्गत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी।' उन्होंने बताया कि इन अकादमियों में प्रत्येक वर्ष 920 विश्वस्तरीय एथलीट और 1000 अन्य खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त



कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, 'हल्द्वानी में उत्तराखंड का प्रथम खेल विश्वविद्यालय एवं लोहाघाट में एक महिला स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से कार्य किये जा रहे हैं।' उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों द्वारा कुल 103 पदक जीतने का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेलों के समग्र विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नई खेल नीति भी लागू की गई है।



## घरेलू बाजार में मजबूत वैश्विक संकेतों से उछाल, सेंसेक्स 567 अंक चढ़ा



**मुंबई:** वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार खासी बढ़त के साथ बंद हुए। मानक सूचकांक सेंसेक्स में करीब 567 अंक का उछाल रहा जबकि निफ्टी 25,900 अंक के पार चला गया। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका में खुदरा मुद्रास्फीति के बेहतर आंकड़ों ने इस साल फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें जगा दी हैं। अमेरिका-चीन व्यापार समझौते की संभावनाओं और विदेशी कोषों की खरीदारी ने भी निवेशक धारणा को समर्थन देने का काम किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 566.96 अंक यानी 0.67 प्रतिशत चढ़कर 84,778.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 720.2 अंक बढ़कर 84,932.08 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 170.90 अंक यानी 0.66 प्रतिशत चढ़कर 25,966.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इटर्नल, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभान्वित हुए। हालांकि, कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर कमजोर तिमाही नतीजों के बाद 1.74 प्रतिशत गिर गया। इसके अलावा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इन्फोसिस और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी गिरावट का रुख रहा।

## कृषि शिक्षा में सुधार के लिए रिक्त पदों को तुरंत भरें: चौहान ने आईसीएआर से कहा

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) को रिक्त पदों को तत्काल भरने का सोमवार को निर्देश दिया। केंद्रीय कृषि मंत्री ने यहां राष्ट्रीय कृषि छात्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वह राज्य के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखेंगे और कृषि मंत्रियों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे। मंत्रालय के बयान में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री चौहान के हवाले से कहा गया, 'कृषि छात्रों के भविष्य से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाना चाहिए।'' संसदीय समिति की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीएआर को अपने संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों में स्वीकृत कर्मियों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। 31 मार्च 2025 तक 3,550 पद रिक्त थे। अधिकतर रिक्तियां



वैज्ञानिक, तकनीकी और प्रशासनिक पदों पर हैं। चौहान ने आईसीएआर को कृषि छात्रों का एक दल बनाने का भी निर्देश दिया ताकि कमियों को दूर करने के लिए रचनात्मक सुझाव हासिल किए जा सकें। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की 'ग्रेडिंग' में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का आह्वान करते हुए कहा कि आईसीएआर को वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन करके उन्हें देश में लागू करना चाहिए।

### अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा लगाए गए सभी प्रतिबंधों का अनुपालन करेंगे: आईओसी

**नयी दिल्ली:** देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी ने सोमवार को कहा कि कंपनी सभी लागू प्रतिबंधों का पालन करेगी। हालांकि, साहनी ने रूस से तेल खरीद पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। तेल की बिक्री से रूस की आय को कम करने के उद्देश्य से अमेरिका द्वारा नए प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भारतीय रिफाइनरियां खेप भेजने और बैंकिंग पर द्वितीयक प्रतिबंधों से बचने के लिए रूसी तेल के आयात में कटौती कर सकती हैं।

## 'ग्रेट निकोबार परियोजना' से भारत का समुद्री विश्व व्यापार कई गुना बढ़ेगा: अमित शाह

**मुंबई:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि पांच अरब अमेरिकी डॉलर की 'ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना' से देश का समुद्री व्यापार कई गुना बढ़ जाएगा। 'भारत समुद्री सप्ताह' (आईएमडब्ल्यू) के चौथे संस्करण के उद्घाटन के अवसर पर यहां शाह ने कहा कि भारत में लोकतांत्रिक स्थिरता एवं नौसैनिक क्षमताएं हैं और उसने हिंद-प्रशांत तथा 'ग्लोबल साउथ' के बीच की खाई को पाट दिया है। शाह ने कार्यक्रम में अपने भाषण में कहा, 'पांच अरब अमेरिकी डॉलर की ग्रेट निकोबार परियाजना समुद्री विश्व व्यापार को कई गुना बढ़ा देगी।' भारत ने 2021 में इस महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचागत परियोजना का निर्माण शुरू किया जिसका उद्देश्य बंगाल की खाड़ी में स्थित इस द्वीप का कायाकल्प करना है। शाह ने भारत के प्रतिस्पर्धा के बजाय सहयोग में विश्वास करने की बात पर




जोर दते हुए कहा कि समुद्री क्षेत्र में 10 लाख करोड़ रुपये के अवसर उपलब्ध हैं। सहकारिता मंत्री शाह ने कहा कि देश का लक्ष्य जहाज निर्माण के क्षेत्र में शीर्ष पांच देशों में शामिल होना और बंदरगाहों का विकास करके माल ढुलाई क्षमता को तीन गुना बढ़ाकर 10,000 एमएमटीपीए तक पहुंचाना है। शाह ने कहा कि मुंबई के निकट 10 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश से बन रहा वधावन बंदरगाह पहले ही दिन, दुनिया के शीर्ष 10 बंदरगाहों में शामिल हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा समुद्री क्षेत्र में किए गए संरचनात्मक सुधारों ने भारत को वैश्विक समुद्री क्षेत्र में एक उभरती हुई शक्ति बना दिया है। उन्होंने कहा कि हम एक नया समुद्री इतिहास रचने के कगार पर हैं और गेटवे ऑफ इंडिया जल्द ही समुद्री सप्ताह जैसी पहल के माध्यम से 'गेटवे ऑफ वर्ल्ड में तब्दील हो जाएगा।' इसी कार्यक्रम में केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि केवल एक शांतिपूर्ण तथा कानून का पालन करने वाला समाज ही निवेशकों को आकर्षित कर सकता है। उन्होंने गृह मंत्रालय में शाह के नेतृत्व में आंतरिक सुरक्षा, स्थिरता और कानून व्यवस्था में हुई महत्व-पूर्ण प्रगति का उल्लेख किया। पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के सचिव विजय कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए 11 देशों से 1.5 लाख पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। इसमें 350 से अधिक विदेशी वक्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में विभिन्न उप-क्षेत्रों में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के 680 निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इससे रोजगार के नए सात लाख अवसर उत्पन्न होंगे।

### सेबी का 5,000 करोड़ रुपये के कर्ज वाली कंपनियों को एचवीडीएलई की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव

**नयी दिल्ली:** बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अधिक कर्ज में डूबी कंपनियों के अनुपालन बोझ को कम करने के लिए नई रूपरेखा का प्रस्ताव किया है। सेबी ने अपने परामर्श पत्र में कहा कि इसके तहत अब किसी कंपनी पर एक हजार करोड़ रुपये के बजाय पांच हजार करोड़ रुपये का कर्ज होने पर उच्च मूल्य कर्ज वाली सूचीबद्ध इकाइयों (एचवीडीएलई) में शामिल करने का प्रस्ताव है। इसमें कहा गया कि इस कदम से एचवीडीएलई के रूप में वर्गीकृत इकाइयों की संख्या वर्तमान के 137 से 64 प्रतिशत घटकर 48 हो जाएगी। प्रस्ताव का उद्देश्य अनुपालन बोझ को कम करना तथा कारोबार सुगमता को बढ़ावा देना है। एचवीडीएलई के लिए कॉरपोरेट प्रशासन मानदंड पहली बार सितंबर, 2021 से 31 मार्च, 2025 तक अनुपालन-या-स्पष्टीकरण के आधार पर पेश किए गए थे। अप्रैल, 2025 से ये अनिवार्य हो गए। ये मानदंड 1,000 करोड़ रुपये या उससे अधिक की सूचीबद्ध बकाया गैर-परिवर्तनीय ऋण प्रतिभूतियों वाली सभी इकाइयों पर लागू होते हैं। इन नियमों के लागू होने के बाद कई बाजार सहभागियों ने वर्गीकरण के लिए उच्च सीमा बढ़ाने के लिए सेबी से संपर्क किया। एक बार एचवीडीएलई के रूप में नामित होने के बाद किसी कंपनी को सूचीबद्ध कंपनियों के समान कामकाज के मानकों का पालन करना पड़ता है जिसमें तिमाही रिपोर्ट एवं वार्षिक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करना और निदेशक मंडल की संरचना मानदंडों का पालन करना शामिल है। सेबी ने आवधिक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित 21-दिवसीय समयसीमा को अधिक लचीले प्रावधान से बदलने का भी सुझाव दिया है जिससे बोर्ड को आवश्यकतानुसार समयसीमा निर्धारित करने की अनुमति मिल सके।

### ओला इलेक्ट्रिक ने कलपुर्जे सभी को उपलब्ध कराने के लिए 'हाइपरसर्विस' का किया विस्तार

**नयी दिल्ली:** ओला इलेक्ट्रिक ने 'हाइपरसर्विस' को एक खुले मंच में विस्तारित करने की सोमवार को घो-षणा की। बेंगलुरु स्थित इस कंपनी के कलपुर्जे (स्पेयर पार्ट्स), उपकरण (डायग्नोस्टिक टूल्स) और सर्विस ट्रेनिंग मॉड्यूल (प्रणाली) न केवल उसके ग्राहकों को बल्कि देश भर के सभी गैराज, मैकेनिक और फ्लीट संचालक के लिए पहली बार उपलब्ध कराए जाएंगे। कंपनी ने बयान में कहा कि आज से ओला इलेक्ट्रिक के कलपुर्जे सीधे ओला इलेक्ट्रिक कस्टमर ऐप और वेबसाइट के माध्यम से खरीदे जा सकेंगे। इससे प्रत्येक ग्राहक और गैराज को बिना किसी बिचौलिए के उच्च गुणवत्ता वाले व प्रमाणित कलपुर्जों तक पहुंच प्राप्त होगी।

### इंडियन ऑयल का दूसरी तिमाही में लाभ कई गुना बढ़कर 7,610 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली:** रिफाइनिंग मार्जिन बेहतर होने से सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसी) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ कई गुना बढ़कर 7,610 करोड़ रुपये हो गया। दिग्गज पेट्रोलियम कंपनी ने सोमवार को एक बयान में जुलाई-सितंबर 2025 तिमाही के अपने वित्तीय नतीजों की जानकारी दी। इंडियन ऑयल का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 7,610 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में उसे 180 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। आलोच्य तिमाही में कंपनी ने पेट्रोल एवं डीजल जैसे ईंधन में बदले गए प्रत्येक बैरल कच्चे तेल पर 19.6 डॉलर कमाए, जबकि अप्रैल-जून तिमाही में इसका सकल रिफाइनिंग मार्जिन 2.15 डॉलर रहा था। पिछले साल की दूसरी तिमाही में इसका रिफाइनिंग मार्जिन 1.59 डॉलर प्रति बैरल था।

## न्यूज अपडेट

### दूरसंचार विभाग के साथ मिलकर मामला सुलझाने के लिए तत्पर: वोडाफोन आइडिया

**नयी दिल्ली:** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया ने बकाया समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) के समीक्षा संबंधी उच्चतम न्यायालय के सोमवार को आए आदेश पर कहा कि वह दूरसंचार विभाग के साथ मिलकर यह मुद्दा सुलझाने के लिए तत्पर है। कंपनी ने बीएसई को दी गई सूचना में उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर कहा,




यह एक सकारात्मक घटनाक्रम है। न्यायालय ने सरकार को एजीआर से संबंधित मुद्दों पर वोडाफोन आइडिया लिमिटेड की शिकायतों पर विचार करने की अनुमति दी है। हम इस मामले को हल करने के लिए दूरसंचार विभाग के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद करते हैं। कंपनी ने कहा कि ऐसा होने से कंपनी के करीब 20 करोड़ उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित रहेंगे। उसने कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री के 'डिजिटल इंडिया' संकल्प को आगे बढ़ाने में भी सहायक होगा। एजीआर वह राजस्व है जिसके आधार पर दूरसंचार कंपनियां सरकार को लाइसेंस शुल्क और स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क का भुगतान करती हैं।

### सोना 700 रुपये टूटकर 1,25,900 रुपये पर, चांदी 4,250 रुपये कमजोर

**नयी दिल्ली:** अमेरिका-चीन व्यापार तनाव घटने के बीच सुरक्षित निवेश की मांग कम होने से कमजोर वैश्विक रुझानों के चलते सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपये की गिरावट के साथ 1,25,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। शनिवार को सोने की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 1,26,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में, सोमवार को चांदी की कीमतें 4,250 रुपये की भारी गिरावट के साथ 1,51,250 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं। शनिवार को चांदी 2,900 रुपये की तेजी के साथ 1,55,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### रुपया 43 पैसे टूटकर 88.26 प्रति डॉलर पर

**मुंबई:** कच्चे तेल की कीमतों में व्यापक मजबूती और आयातकों मासांत की डॉलर मांग के कारण निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित होने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 43 पैसे लुढ़ककर 88.26 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी संभावित अमेरिका-चीन व्यापार समझौते के कारण आई है, जो मजबूत वैश्विक तेल मांग की उम्मीदों को बल देता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया डॉलर के मुकाबले 87.87 पर खुला और कारोबार के दौरान 88.31 के निचले स्तर और 87.86 के उच्च स्तर तक गया। अंत में यह पिछले बंद भाव से 43 पैसे की गिरावट के साथ 88.26 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

### अमेजन ने भारत से ई-कॉमर्स निर्यात में 20 अरब डॉलर का आंकड़ा किया पार

**नयी दिल्ली:** अमेजन ने अपने 'ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम' के जरिये 2015 से 2025 के बीच भारत से 20 अरब डॉलर से अधिक का ई-कॉमर्स निर्यात किया है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि वह 2030 तक 80 अरब डॉलर के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। भारत के सबसे बड़े निर्यात बाजार अमेरिका में व्यापार तथा शुल्क संबंधी चुनौतियों पर अमेजन ने कहा कि वह उन मामलों पर ध्यान केंद्रित कर रही है जो उसके नियंत्रण में हैं। अमेजन ग्लोबल सेलिंग इंडिया के प्रमुख श्रीनिधि कलवापुडी ने कहा कि शुल्क (मामले) ऐसी चीज है जिसे नियंत्रित नहीं कर सकते..इसलिए अमेजन पर चीजों पर ध्यान दे रही है जिसे नियंत्रित किया जा सकता है। कंपनी ने बयान में कहा, 'अमेजन ने आज घोषणा की है कि 'अमेजन ग्लोबल सेलिंग' कार्यक्रम के माध्यम से वह 2015 से 2025 के बीच भारत से ई-कॉमर्स के जरिये 20 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निर्यात करने में समक्ष रही...अब कंपनी ने 2030 तक 80 अरब अमेरिकी डॉलर का लक्ष्य रखा है।'

## न्यूज इन ब्रीफ

### राष्ट्रपति मुर्मू ने छठ पूजा में हिस्सा लिया



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में छठ पूजा में हिस्सा लिया, जहां श्रद्धालुओं ने सोमवार को डूबते सूरज को अर्घ्य दिया। राष्ट्रपति कार्यालय ने 'एक्स' पर इस आयोजन की तस्वीरें पोस्ट कीं। उसने कहा कि इस मौके पर राष्ट्रपति ने साथी नागरिकों की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। छठ पूजा सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित चार दिवसीय त्योहार है, जो मंगलवार को संपन्न होगा। राष्ट्रपति कार्यालय ने पोस्ट किया, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में छठ पूजा में हिस्सा लिया, जहां श्रद्धालुओं ने डूबते सूरज को अर्घ्य दिया। राष्ट्रपति ने साथी नागरिकों की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

### सीजेआई पर जूता फेंकने वाले वकील के खिलाफ अवमानना कार्रवाई के इच्छुक नहीं हैं : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी. आर. गवई की ओर जूता फेंकने वाले वकील के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू करने के लिए इच्छुक नहीं है। न्यायालय ने कहा कि सीजेआई ने स्वयं उसके खिलाफ कार्रवाई करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि अदालत में नारे लगाना और जूते फेंकना स्पष्ट रूप से अदालत की अवमानना का मामला है लेकिन यह संबंधित न्यायाधीश पर निर्भर करता है कि वह आगे बढ़ना चाहते हैं या नहीं। पीठ ने कहा, ''अवमानना नोटिस जारी करने से सीजेआई पर जूता फेंकने वाले वकील को अनावश्यक महत्व मिलेगा और घटना की अवधि बढ़ जाएगी।'' उसने कहा कि इस मामले को ऐसे ही खत्म कर दिया जाए।

### अवैध तरीके से रहने के आरोप में छह अफगान नागरिक मुंबई में गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने फर्जी पहचान के तहत अवैध रूप से देश में रहने के आरोप में छह अफगान नागरिकों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा ने रविवार को दक्षिण मुंबई के कोलाबा इलाके और धारावी से आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान कंधार निवासी अब्दुल समद हाजी अहमद जई नौरोजी (47), काबुल निवासी मोहम्मद रसूल कमालुद्दीन खाकसार (24), जिया उल हक अहमदी (36), असद खान तारा काई (36), मोहम्मद इब्राहिम गजनवी (36) और जाबुल प्रांत के निवासी आमिल उल्लाह (48) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि ये लोग 2015 और 2019 के बीच मेडिकल वीजा पर भारत आए थे। वे शुरुआत में दिल्ली पहुंचे थे।

### दिल्ली सीमा शुल्क विभाग ने छह महीने में 360 करोड़ रुपये से अधिक का सोना और मादक पदार्थ जब्त किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली सीमा शुल्क विभाग ने पिछले छह महीने के भीतर 360 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का सोना और मादक पदार्थ जब्त किया है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आंकड़ों के अनुसार, इन छह महीनों में सीमा शुल्क कानूनों के उल्लंघन के आरोप में 74 लोगों को गिरफ्तार किया गया। दिल्ली सीमा शुल्क विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान दिल्ली सीमा शुल्क विभाग ने 26.269 किलोग्राम सोना जब्त किया, जिसकी कीमत 24.68 करोड़ रुपये है। विभाग ने मादक पदार्थ के 52 मामले दर्ज किए और 338.03 करोड़ रुपये मूल्य के 239 किलोग्राम मादक पदार्थ (गांजा, कोकीन, आदि) जब्त किए तथा कानूनों के उल्लंघन के लिए विभाग ने 74 लोगों को गिरफ्तार किया।'' विभाग ने पोस्ट में कहा, ''देश की आर्थिक सीमाओं की सुरक्षा करते हुए (15 अक्टूबर 2025 तक) कुल 10.80 करोड़ रुपये का शुल्क वसूला गया।''

# भाजपा कार्यकर्ता सुनिश्चित करें कि महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनावों में विपक्ष का सफाया हो जाए : शाह




**मुंबई :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि महाराष्ट्र के आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में विपक्ष का इस तरह सफाया हो जाए कि वे दूरबीन से भी नजर न आएं। शाह ने दक्षिण मुंबई में चर्चगेट स्टेशन के पास भाजपा के महाराष्ट्र प्रदेश कार्यालय की नयी इमारत की आधारशिला रखने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, ''हमने साबित कर दिया है कि परिवारवाद वाली पार्टियों की राजनीति अब इस देश में नहीं चलेगी। काम करने की राजनीति ही देश को आगे ले जाएगी।'' शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पार्टी के लिए एक आदर्श बताते हुए कहा, ''मोदी जी इसका सबसे अच्छा उदाहरण हैं। एक साधारण चाय बेचने वाले के घर में पैदा हुआ बच्चा अपने समर्पण, त्याग और कड़ी मेहनत के बल पर भारत का प्रधानमंत्री बना।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अपनी सभी वैचारिक प्रतिबद्धताओं को पूरा किया है जैसे अनुच्छेद 370 को हटाना, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए), तीन तलाक और कुछ राज्यों ने समान नागरिक संहिता को लागू करना। उन्होंने कहा, ''हमारे सभी वैचारिक मुद्दे क्रियान्वित हो चुके हैं और अब हम 2047 में विकसित भारत पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।'' शाह ने कहा कि देश के भविष्य के लिए सिद्धांत आधारित राजनीति करने की जिम्मेदारी भाजपा की है। उन्होंने केंद्र और राज्य में भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार का ज़िक्र करते हुए कहा कि पार्टी को इस साल के अंत में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव भी जीतने चाहिए।

# आंध्र प्रदेश: चक्रवात 'मोंथा' तट से टकराया, अधिकारी हाई अलर्ट पर



**अमरावती :** आंध्र प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रबंध निदेशक प्रखर जैन ने सोमवार को बताया कि चक्रवात 'मोंथा' के तट से टकराने की शुरुआत हो गयी है और इसे एक गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। तटीय जिलों में बारिश और तेज आंधी चल रही है। जैन ने एक विज्ञप्ति में बताया, चक्रवात टकराना शुरू हो गया है। तटीय जिलों में आंधी के साथ बारिश हो रही है। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे यह तूफान जमीन के पास पहुंचेगा और तेज होता जाएगा। जैन ने बताया कि पिछले छह घंटों में चक्रवात 18 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ा और शाम तक यह विशाखापत्तनम से लगभग 560 किलोमीटर दूर था तथा मंगलवार सुबह तक इसके एक गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। उन्होंने बताया, चक्रवाती तूफान 28 अक्टूबर की शाम या रात में एक भीषण चक्रवाती तूफान के रूप में काकीनाडा के पास आंध्र प्रदेश के तट को पार कर सकता है। जैन ने तटीय जिलों के निवासियों से सतर्क रहने और सुरक्षा परामर्श का पालन करने का आग्रह किया। एनटीआर जिलाधिकारी जी. लक्ष्मीशा ने 'पीटीआई-वीडियो' सेवा को बताया कि सभी विभाग हाई अलर्ट पर हैं। उन्होंने बताया, कई टीमें तैनात की गई हैं और समन्वय से काम कर रही हैं। हमने 180 पुनर्वास केंद्र तैयार रखे हैं, साथ ही मौसम की निरंतर निगरानी के लिए 24 ड्रोन भी तैनात किए हैं।

## मौसम अनुकूल रहने पर दिल्ली में कृत्रिम बारिश का पहला परीक्षण मंगलवार को होने की संभावना

**नयी दिल्ली :** अगर मौसम अनुकूल रहा तो दिल्ली सरकार मंगलवार को कृत्रिम बारिश का पहली बार परीक्षण कर सकती है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि परीक्षण की व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए मंगलवार को एक समीक्षा बैठक निर्धारित की गई है। मंत्री ने कहा, ''(कृत्रिम बारिश के लिए) उड़ान कल कानपुर से दिल्ली पहुंचेगी। अगर मौसम अनुकूल रहा तो हम कृत्रिम बारिश के लिए परीक्षण कर सकते हैं। हालांकि सब कुछ मौसम पर निर्भर करता है।'' राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए कृत्रिम वर्षा कराने के उद्देश्य से किया जाने वाला यह परीक्षण सर्दियों के महीनों में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को कम करने की सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली की बहुप्रतीक्षित कृत्रिम वर्षा प्रयोग की तैयारियां अब पूरी हो गई हैं और सरकार ने पिछले हफ्ते बुराड़ी के ऊपर एक परीक्षण किया था। परीक्षण के दौरान कृत्रिम वर्षा कराने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 'सिल्वर आयोडाइड और सोडियम क्लोराइड' यौगिकों की थोड़ी मात्रा का विमान से छिड़काव किया गया। कृत्रिम वर्षा के लिए सामान्य तौर पर 50 प्रतिशत वायुमंडलीय नमी आवश्यक होती है लेकिन वायुमंडलीय नमी 20 प्रतिशत से भी कम होने के कारण वर्षा नहीं हो सकी।

# दिल्ली में इस साल छठ की छटा ही अलग है: मुख्यमंत्री गुप्ता



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सोमवार शाम को छठ महापर्व में शामिल हुईं और कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय राजधानी में त्योहार की भव्यता और वैभव पहले से अलग है। गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के सांसद योगेंद्र चंदोलिया के साथ मंगलोपुरी में एक छठ घाट का दौरा किया। दिल्ली के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा, ''इस समय मनाया जा रहा छठ पर्व का वैभव, भव्यता और दिव्यता दिल्लीवासियों को राहत प्रदान कर रही है। मैं छठी मैया से दिल्ली की समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना करती हूं।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना किनारे कई वर्षों के बाद यह त्योहार मनाया जा रहा है। दिल्ली की पिछली सरकार के दौरान सूर्य देव को अर्घ्य देने सहित छठ पूजा पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने दिल्ली में बसे पूर्वांचली समुदाय द्वारा त्योहार मनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। एक अनुमान के मुताबिक दिल्ली की आबादी में पूर्वांचलियों (पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के लोगों के लिए संयुक्त संबोधन)की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत हैं और मतदाताओं के सबसे बड़े वर्गों में से एक हैं।

## न्यायालय का सीआईसी, सूचना आयुक्तों के लिए चुने नामों को सार्वजनिक करने का निर्देश देने से इनकार

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्रीय सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों के पद के लिए चुने गए उम्मीदवारों के नामों का सार्वजनिक खुलासा करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हालांकि झारखंड और हिमाचल प्रदेश सहित राज्यों को निर्देश दिया कि वे राज्य सूचना आयोगों में रिक्त पदों को तुरंत भरने का प्रयास करें। याचिकाकर्ता अंजलि भारद्वाज और अन्य की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि सरकारें सूचना आयोगों को निष्क्रिय बनाकर सूचना के अधिकार अधिनियम को खत्म करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सूचना आयोग वर्तमान में अपने प्रमुख के बिना है तथा सूचना आयुक्तों के 10 में से आठ पद रिक्त हैं। उन्होंने कहा, सीआईसी में लंबित मामलों की संख्या लगभग 30,000 है। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के पूर्व के आदेशों के उल्लंघन की ओर भी ध्यान दिलाया, जिसमें निर्देश दिया गया था कि सभी रिक्त पदों को सीधे भरा जाना चाहिए। भूषण ने केंद्र को यह निर्देश देने का अनुरोध किया कि सूचीबद्ध किए गए लोगों के नाम किसी भी आपत्ति के लिए सार्वजनिक किए जाएं। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज ने कहा कि खोज समिति ने मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों के पद के लिए कुछ नामों को सूचीबद्ध किया है और अब उन्हें प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली समिति को अनुशंसित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली समिति अगले दो से तीन सप्ताह में नामों को मंजूरी दे देगी और कोई निर्देश जारी नहीं किया जाएगा। भूषण ने पीठ से आग्रह किया कि वह केंद्र को चयनित नामों का खुलासा करने का निर्देश दे। उन्होंने कहा कि लोगों को यह जानने का अधिकार है कि क्या सही लोगों का चयन किया गया है।

## हमें आत्मचिंतन करते रहना चाहिए, युद्ध जैसी स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए: राजनाथ



**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत को युद्ध जैसी स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि मई में पाकिस्तान के साथ चार दिनों के सैन्य संघर्ष ने दिखा दिया कि सीमाओं पर कभी भी कुछ भी हो सकता है। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि यद्यपि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को कड़ा जवाब दिया था, लेकिन इसे राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भविष्य की कार्रवाई की रूपरेखा तैयार करने और सीखने के लिए एक केस स्टडी के रूप में काम करना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि 7-10 मई के अभियान के दौरान स्वदेशी निर्मित सैन्य उपकरणों के प्रभावी उपयोग से क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। सिंह ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, जहां युद्ध भी हमारे दरवाजे पर दस्तक दे रहा था। उन्होंने कहा, हालांकि हमने दृढ़ संकल्प के साथ जवाब दिया और हमारी सेनाएं देश की सीमाओं की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं, फिर भी हमें आत्मचिंतन करते रहना होगा। मंत्री ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर एक केस स्टडी के रूप में काम करेगा जिससे हम सीख सकें और अपना भविष्य तय कर सकें। इस घटना ने हमें एक बार फिर दिखाया है कि हमारी सीमाओं पर, कहीं भी, कभी भी कुछ भी हो सकता है। उन्होंने कहा, हमें युद्ध जैसी स्थिति के लिए तैयार रहना होगा और हमारी तैयारी हमारी अपनी बुनियाद पर आधारित होनी चाहिए।

## भारतीय नौसेना का सर्वेक्षण पोत 'इक्षक' छह नवंबर को नौसेना में शामिल किया जाएगा



**कोच्चि :** भारतीय नौसेना का स्वदेश निर्मित सर्वेक्षण पोत 'इक्षक' को यहां नौसेना अड्डे पर छह नवंबर को सैन्य बेड़े में शामिल किया जाएगा। रक्षा जनसंपर्क अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के साथ सर्वेक्षण पोतों (बड़ी श्रेणी) के इस तीसरे पोत 'इक्षक' को औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल किया जाएगा। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह परियोजना भारत की जल सर्वेक्षण उत्कृष्टता और स्वदेशीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। बयान में कहा गया है, ''अपनी श्रेणी के तीसरे पोत के रूप में 'इक्षक' का शामिल होना इस बात को दर्शाता है कि नौसेना आधुनिक और उन्नत संसाधन तैयार करने के अपने संकल्प पर दृढ़ प्रतिबद्ध है। इससे क्षमता वृद्धि और आत्मनिर्भरता के प्रयासों को और अधिक गति मिलेगी।''

## आईआरसीटीसी मामला: लालू प्रसाद, राबड़ी देवी ने गवाहों से जिरह को लेकर याचिका दायर की

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी द्वारा कथित आईआरसीटीसी घोटाला मामले में गवाहों से पूछताछ की तैयारी के लिए चार सप्ताह का समय मांगने वाली याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा। इससे पहले, अदालत ने मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद और अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के दंडात्मक प्रावधानों के अलावा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत आरोप तय किए थे। अदालत ने मामले को अभियोजन पक्ष के साक्ष्य पेश करने के चरण में सूचीबद्ध किया था, जिसमें 27 अक्टूबर से सात नवंबर तक प्रतिदिन औपचारिक गवाहों की गवाही दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की जानी थी।

## आवारा कुत्तों का मामला : न्यायालय ने हलफनामा दाखिल न करने पर राज्यों को फटकार लगायी

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आवारा कुत्तों के मामले में अनुपालन हलफनामा दाखिल नहीं करने वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को फटकार लगायी तथा कहा कि लगातार ऐसी घटनाएं हो रही हैं और देश की छवि विदेशों में ''खराब'' दिखायी जा रही है। न्यायालय ने पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को तीन नवंबर को अदालत में उपस्थित होकर यह बताने का निर्देश दिया कि उसके 22 अगस्त के आदेश के बावजूद अनुपालन हलफनामा क्यों नहीं दाखिल किया गया। शीर्ष अदालत ने कहा कि पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को छोड़कर अन्य किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश ने अनुपालन शपथपत्र दाखिल नहीं किया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की तीन सदस्यीय विशेष पीठ ने कहा, ''आज 27 अक्टूबर है। कोई जवाब नहीं, कुछ भी नहीं। और लगातार घटनाएं हो रही हैं। देश की छवि विदेशों में खराब दिखायी जा रही है।'' न्यायालय ने कहा कि 22 अगस्त के आदेश का अनुसरण करते हुए केवल तीन अनुपालन हलफनामे दायर किए गए हैं। पीठ ने कहा, ''सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। चूंकि उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया है इसलिए सभी राज्यों के मुख्य सचिवों (कुछ को छोड़कर) को अगले सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे अदालत में उपस्थित रहना होगा और यह बताना होगा कि अनुपालन शपथपत्र क्यों दाखिल नहीं किए गए।'' पीठ ने यह भी उल्लेख किया कि जिन राज्यों ने शपथपत्र दाखिल नहीं किए, उनकी ओर से सुनवाई के दौरान कोई प्रतिनिधित्व नहीं था। पीठ आवारा कुत्तों से संबंधित एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी।

## असम में नए विधेयक में बहुविवाह पर सात साल जेल की योजना


**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि बहुविवाह के खिलाफ प्रस्तावित कानून में कम से कम सात साल की सजा होगी। उन्होंने 'मुख्य मंत्रीर निजुत मोइना' योजना के दूसरे चरण की शुरुआत के अवसर पर कहा कि यह विधेयक शीतकालीन सत्र के पहले दिन 25 नवंबर को विधानसभा में पेश किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल लाभार्थी लड़कियों को उन्होंने बताया, यदि कोई व्यक्ति अपनी पत्नी को कानूनी रूप से तलाक दिए बिना किसी अन्य महिला से विवाह करता है, तो उसके धर्म की परवाह किए बिना उसे सात वर्ष या उससे अधिक कारावास का प्रावधान होगा। उन्होंने कहा कि आरोपी कह सकता है कि उसका धर्म इसकी इजाजत देता है, लेकिन भाजपा सरकार कभी बहुविवाह की इजाजत नहीं देगी। शर्मा ने कहा, हम किसी भी कीमत पर इस राज्य में महिलाओं की गरिमा की रक्षा करेंगे। सरकार ने पिछले वर्ष बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 'मुख्य मंत्रीर निजुत मोइना' योजना शुरू की थी, जिसके तहत कक्षा 11 की छात्राओं को 1,000 रुपये, स्नातक प्रथम वर्ष की छात्राओं को 1,250 रुपये, स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष तथा बीएड छात्राओं को 2,500 रुपये 10 महीने के लिए मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की गयी थी।

# असम में एसआईआर को लेकर अलग आदेश जारी किया जाएगा: ज्ञानेश कुमार



**नयी दिल्ली :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को कहा कि असम में नागरिकता अधिनियम के अलग प्रावधान लागू होते हैं और राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए एक विशेष आदेश जारी किया जाएगा। असम उन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सूची में शामिल नहीं है जहां चार नवंबर से मतदाता सूची को दुरुस्त करने की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की गई है। कुमार ने संवाददाताओं से कहा, ''नागरिकता अधिनियम के तहत, असम में नागरिकता के लिए अलग प्रावधान हैं। उच्चतम न्यायालय की निगरानी में नागरिकता की जांच का कार्य लगभग पूरा होने वाला है। 24 जून का एसआईआर आदेश पूरे देश के लिए था। ऐसी परिस्थितियों में यह असम पर लागू नहीं होता।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए असम के लिए अलग से पुनरीक्षण आदेश जारी किए जाएंगे और एसआईआर की एक अलग तिथि घोषित की जाएगी।'' विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) प्रक्रिया का दूसरा चरण चार नवंबर को गणना की प्रक्रिया के साथ शुरू होगा और यह चार दिसंबर तक चलेगा। निर्वाचन आयोग नौ दिसंबर को मतदाता सूची का मसौदा जारी करेगा और अंतिम मतदाता सूची सात फरवरी को प्रकाशित की जाएगी।

# शिक्षण संस्थानों में आत्महत्या मामलों पर दिशानिर्देश लागू करने के बारे में बताएं राज्य: न्यायालय



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और आत्महत्या के मामलों से निपटने के लिए निर्धारित दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन के बारे में आठ सप्ताह के भीतर उसे सूचित करने को कहा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र को इन दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए उठाए गए कदमों का विवरण देते हुए एक अनुपालन हलफनामा दाखिल करने के लिए आठ सप्ताह का समय भी दिया। यह पीठ 25 जुलाई के अपने फैसले में शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुपालन से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी। उस फैसले में, शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया था कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश, जहां तक संभव हो, दो महीने के भीतर सभी निजी कोचिंग केंद्रों के लिए पंजीकरण, छात्र सुरक्षा मानदंड और शिकायत निवारण तंत्र अनिवार्य करने वाले नियम अधिसूचित करें। सोमवार को सुनवाई के दौरान, पीठ को बताया गया कि जुलाई के फैसले में, केंद्र को 90 दिनों के भीतर अदालत के समक्ष अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने निर्देश दिया कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस मामले में प्रतिवादी बनाया जाए और वे आठ सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल कर सकते हैं। मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2026 में करना तय किया गया। शैक्षणिक संस्थानों में आत्महत्या के मामलों में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, उच्चतम न्यायालय ने छात्रों को प्रभावित करने वाले मानसिक स्वास्थ्य संकट की गंभीरता पर ध्यान देने पर जोर दिया और इससे निपटने के लिए अखिल भारतीय दिशानिर्देश जारी किए। न्यायालय ने कहा था कि शैक्षणिक संस्थानों, कोचिंग केंद्रों और छात्र-केंद्रित वातावरण में छात्रों की आत्महत्या की रोकथाम के लिए एक एकीकृत, लागू करने योग्य ढांचे के संबंध में देश में 'विधायी और नियामक शून्यता' बनी हुई है। पीठ ने 15 दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि ये तब तक लागू रहेंगे और बाध्यकारी रहेंगे जब तक कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा उपयुक्त कानून या नियामक ढांचा लागू नहीं कर दिया जाता।

## आरेडिका में छठ मैया गीतों की गूँज के साथ की सूर्य पूजा



**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,रायबरेली के आवासीय परिसर में छठ पूजा का उत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। छठ पूजा के तहत महिलाओं एवं पुरुषों ने अपने परिवार और देश की सामाजिक, अर्थिक, मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य एवं शान्ति के लिए निर्जला वृत किया तथा शाम को सूर्यास्त के समय जल में खड़े होकर भगवान सूर्य की पूजा अर्चना कर विश्व कल्याण की मंगल कामना की। सुबह से आरेडिका में छठ मैया के गीतों की गूँज होती रही लोगों ने घरों में ठेकुआ, पकवान, रंग बिरंगे चावल, गन्ना एवं फलों को पूजा के लिए सजाकर शाम को डीजे एवं बैंड बाजों के साथ आरेडिका प्रशासन द्वारा निर्मित सरोवर पर पहुँचकर सेवा अर्चना की एवं अस्तांचलमें छुपते हुए सूर्य को अर्ध्य दिया। छठ पूजा के बारे में कई पौराणिक एवं ऐतिहासिक व्याख्यान भी प्राप्त जिसमें भगवान राम एवं सीता मैया ने रावण वध के पाप से मुक्ति हेतु ,पाण्डवों द्वारा साम्राज प्राप्ति के लिए तथा हर्षवर्धन द्वारा राज्य वैभव प्राप्ति के लिए सूर्य पूजा की और उन सब की मनोकामनाएं पूर्ण हुई। छठ पूजा का खगोलीय महत्व भी बताया जाता है कि इस दिन सूर्य की लाभकारी पराबैंगनी तरंगें पृथ्वी पर पड़ती हैं जल में खडे. होने से उनके प्रभाव में वद्धि होती है जो मानव स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होती हैं। वेदों में भी सूर्य को आरोग्य को देवता कहा गया है। आरेडिका प्रशासन द्वारा लोक व्यवस्था को बनाए रखने हेतु सुरक्षा के लिए आरपीएफ एवं निगम के जवानों को तैनात किया, सरोवरों की साफ-सफाई एवं जलापूर्ति की उचित व्यवस्था की जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो और लोग विधि विधान के साथ पूजा कर सकें। आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा के साथ अधिकारियों ,कर्मचारियों महिलाओं बच्चों एवं कर्मचारी प्रतिनिधि यूनियनों ने बड़ी संख्या में छठ पूजा में सहभागिता की।

